जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, मंगलवार 29 अक्टूबर, 2024

KEDIA सेजस्थान

महा दिवाली

धन बढ़ेगा, घर बसेगा

15 लाख का लाभ मिलेगा

दिवाली पर 15 लाख रेट बढ़ेगी !

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

## दिवाली बाद करोड़ों में मिलेगी कोठी !

गिनती की कुछ ही कोठी बची हैं।

### FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 84.60 LACS | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.41 CRORE | 50,000 |

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

POSSESSION: DEC. 2025

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट



KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**अविश्वास आदमी की प्रवृत्ति को जितना बिगाड़ता है, विश्वास उतना ही बनाता है। –धर्मवीर भारती**

# यह देश है ठगने वालों का.....

वर्ष 1957 में एक फिल्म आई थी 'नया दौर'। यह फिल्म काफी प्रसिद्ध हुई और हिट भी हुई। इस फिल्म में एक गाना था "यह देश है वीर जवानों का, अलबेलों का मस्तानों का......"। यह फिल्म स्वतंत्रता के 10 वर्ष बाद बनी थी और समय पूरे देशवासियों में एक नए उत्साह का संचार हो रहा था और वे सभी स्वतंत्र भारत में अपने सुनहले भविष्य की ओर देख रहे थे। इसीलिए समय इस फिल्म का नाम भी नया दौर रखा गया।

अब जबकि स्वतंत्र हुए हमें 77 वर्ष हो चुके हैं, और इस फिल्म को रिलीज हुए भी 67 वर्ष हो गए हैं, यदि आज इसी तर्ज पर किसी गीतकार को गीत लिखना होता, तो उसके बोल कुछ इस प्रकार के होते, "यह देश है ठगने वालों का........"।

ऐसा क्यों कहा जा रहा है, यह समझना उपयुक्त होगा।

सबसे पहले तो यह स्पष्ट करना आवश्यक है की चोरी, डाका और ठगी एक समान समान नहीं हैं। चोरी जहां व्यक्ति की अनुपस्थिति में और जानकारी के बिना की जाती है वहीं डाका खुलेआम डरा-धमका कर डाला जाता है, जबकि ठगने वाला व्यक्ति ऐसा व्यवहार करता है जैसे वह किसी की भलाई का काम कर रहा है किंतु वास्तव में वह जिसकी भलाई का दावा करता है, वास्तव में उसी को क्षति पहुंचाने का काम करता है। इस प्रकार के कृत्य को ठगी कहा जाता है।

प्रतिदिन हम समाचार पत्रों में पढ़ते हैं कि कैसे भोले भाले लोग अनेक प्रकार से ठगे जा रहे हैं। आधुनिकतम तकनीक एवं डीजीटल प्रगति ने, साधारण नागरिकों को ठगने का एक अच्छा माध्यम उपलब्ध करा दिया है। हम प्रतिदिन पढ़ते हैं कि कैसे ई-कॉमर्स वाली कंपनियां लोगों को खराब समान देकर ठग रही हैं। विदेशी पर्यटक महंगे रत्न खरीद कर ले जाते हैं और बाद में पता लगता है कि उन्हें साधारण पत्थर दे दिए। ऐसी अनेक शिकायतें मुझे निदेशक, पर्यटन के रूप में मिलती थीं।

अनेक महिलाएं उन व्यक्तियों के द्वारा ठगी गई हैं, जिन्होंने उनके स्वर्ण आभूषणों को चमकाने का दावा किया था और इसी प्रक्रिया में वह आभूषणों में से काफी सोना निकाल कर ले गए।

आजकल तो आपके पास किसी मेल अथवा मैसेज में प्राप्त लिंक पर क्लिक करते ही आपके बैंक से सारा पैसा निकल सकता है। 'वीडियो अरेस्ट' का एक नया तरीका ढूंढा है ठगों ने। इसके माध्यम से लच्छेदार बातों से इस प्रकार का वातावरण बना देते हैं कि जिसे ठगा जा रहा है वह जाकर भी उस प्रक्रिया से अलग नहीं हो सकता। यह सब तो तब है जबकि तकनीकी प्रगति बहुत तेज गति से हुई है। पहले तो केवल निरक्षर और गांव के लोग ही ठगे जाते थे, किंतु अब तो ऐसे भी कई लोग ठगे गए हैं जो उच्च प्रशासनिक और पुलिस पदों पर हैं। साइबर ठगी के लगभग 70000 के मामले प्रतिवर्ष दर्ज हो रहे हैं। इससे कई गुना अधिक ऐसे मामले हैं जो पुलिस में दर्ज होते ही नहीं, क्योंकि जो ठगे जाते हैं उन्हें तो यह भी नहीं पता कि, किस प्रकार से ठगी के दुश्चक्र से बाहर निकलना है।

ठगने के इस धंधे में केवल निजी लोग ही लगे हों, ऐसा नहीं है। सरकार भी जनता को ठगने में पीछे नहीं है। यह कहना गलत नहीं होगा कि जनता सत्ता के हाथों ही सबसे अधिक ठगी जा रही है। जब चुनाव के दौरान राजनीतिक दल प्रचार करते हैं तो विभिन्न प्रकार के लुभावने नारे लगाते हैं किंतु वास्तविकता तब पता चलती है जब मतदाता उसे जिता देता है। वे उसका शोषण, पहले से भी अधिक करने के उपक्रम में लग जाते हैं।

प्रत्येक क्षेत्र, जिससे सामान्य जन का वास्ता पड़ता है, वहां लगभग प्रतिदिन वह ठगा जा रहा है। उसे शायद नहीं पता कि जो वायु, सांस के रूप में प्रतिक्षण लेता है उससे कितने हानिकारक तत्व उसके शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। यह उसे तभी पता लगता है जब वह कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हो जाय। यह सब उस विभाग की मिलीभगत के कारण जिसे प्रदूषण नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बीमारी के इलाज के लिए अस्पताल में जाएं तो वहां डॉक्टरी जैसे पवित्र व्यवसाय करने वाले भी मरीज को ठगने के लिए तैयार रहते हैं। इसके लिए वह चाहे अनावश्यक जांचें करवाएं अथवा महंगी दवाइयां लिखें, क्योंकि इन दोनों से ही उसे अपने हिस्से की राशि तो कमीशन के रूप में प्राप्त होनी ही है।

हाल ही में जब नकली दवाइयां का जखीरा पकड़ा गया तो जिस निर्माता का नाम उन दवाइयां के पैकेजिंग पर लिखा गया था, उसने तो यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया कि ये दवाइयां उसके द्वारा बनाई ही नहीं गई है। अब उस आम व्यक्ति का क्या होगा, जिसने यह दवाइयां किसी अच्छी प्रतिष्ठित कंपनी की समझ कर खरीद लीं। आज तक किसी दवा विक्रेता या स्टॉकिस्ट को नकली दवाएं बेचने के आरोप में सजा हुई हो, ऐसा पढ़ने और देखने में नहीं आया है। इसका कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि नकली दवाएं लेने के कारण और गलत जांच होने के कारण कितने लोग न केवल आर्थिक रूप से अपितु शारीरिक रूप से भी कष्ट से गुजरने को मजबूर हुए हैं।

आजकल, सरकारी नौकरी के लिए चयन करने वाली संस्थाएं, जैसे लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग भी बेरोजगार लोगों को ठगने में पीछे नहीं हैं। करोड़ों रुपए की फीस वसूल करने के बाद भी वे यह सुनिश्चित नहीं कर पाते कि पूरी ईमानदारी के साथ भर्ती परीक्षा आयोजित हो जाए और योग्यतम अभ्यर्थी चयनित होकर सरकारी नौकरी में आए। एक यही काम संस्थाओं को सोपा गया था और वह भी यह नहीं कर पाए हैं या जानबूझकर ऐसा काम कर रहे हैं, ताकि वे बेरोजगारों को ठग कर, लाखों करोड़ों रुपए कमा सकें।

> **सही बात तो यह है कि हम में से प्रत्येक, प्रतिदिन किसी न किसी प्रकार की ठगी का शिकार हो रहा है, कभी जाने में, कभी अनजाने में। इससे उबरने का कोई रास्ता फिलहाल तो नजर नहीं आ रहा है। देखना है, क्या कोई सरकार या नागरिक संगठन, इस दिशा में कोई प्रभावी कार्रवाई करके, देश के नागरिकों को ठगी का शिकार होने से बचाने में सफल हो पाता है या नहीं?**

सरकार प्रत्येक वाहन पर, खरीदने के समय ही, रोड टैक्स वसूल कर लेती है, किंतु उसके बाद टोल टैक्स के नाम से बहुत बड़ी राशि अनिश्चित काल तक वसूल करती रहती है। यह देखा गया है कि सड़क बनाने में लगी राशि पूरी वसूल करने के बाद भी टोल टैक्स की वसूली लगातार चलती रहती है। यह एक प्रकार की सरकारी ठगी ही तो है।आधुनिक प्रकार की ठगी में तो ठगे जाने वाला समझ भी नहीं पाता कि उसे ठगा गया है। कई बार ठगने की कार्रवाई को कानूनी जामा तक सरकार द्वारा पहना दिया जाता है।

वकीलों का काम अपने मुवक्किलों को न्यायालय के माध्यम से जल्द से जल्द न्याय दिलाने का होता है। किंतु वे लंबे समय पर केवल तारीख लेने का ही काम करते हैं। लगभग आधे प्रकरणों में सरकार एक पक्षकार होती है। सरकारी वकील, सरकार के पक्ष में अपनी योग्यता का उपयोग करने के बजाय विपक्षी-निजी पक्षकार के हित में काम करने लगते हैं। इसी कारण सरकार अधिकतर प्रकरणों में हार जाती है।

खाद्य सामग्री बेचने वाले या फल बेचने वाले अनेक प्रकार के रसायनों का उपयोग करते हैं ताकि फल एवं सब्जी अधिक आकर्षक लगें या फिर समय से पहले उन्हें पका लिया जाय। दोनों ही मामलों में, कुल मिलाकर इस ठग प्रवृत्ति का शिकार तो आम नागरिक को ही होना पड़ता है। यह सब केवल इसलिए है कि आम नागरिक को मूर्ख बनाकर उसे ठगा जाए और नागरिक यह समझ ही नहीं पाए कि उसे किस प्रकार से ठगा जा रहा है।

वर्तमान में, पूरे देश में जो व्यापार सबसे अधिक फल फूल रहा है वह है ठगने का। बिल्डर आपको फ़्लैट बेचते समय यह कहेगा कि इतना सुपर बिल्ट अप एरिया और कारपेट एरिया है, किंतु जब आप फ्लैट का कब्जा लेने जाएंगे तो स्थिति बिल्कुल अलग मिलती है। आवासीय भवन के नाम पर आपको फ्लैट बेचे जाएंगे, लेकिन इस भवन में कई प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी बिल्डर पैसे लेकर कुछ क्षेत्र बेच देते हैं। इसके कारण आवासियों को कई प्रकार की असुविधा झेलनी पड़ती हैं।

ठगे जाने का सिलसिला लगभग सभी विभागों एवं सभी क्षेत्रों में पूरी तरह व्याप्त हो चुका है।

खिलाड़ी चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, जब तक वह खेल संघ के पदाधिकारी की चापलूसी नहीं कर सके अथवा उनके गलत इरादों में उनका सहयोग देने के लिए तैयार ना हो जाए तो फिर उसका राष्ट्रीय टीम में चयन होना लगभग असंभव है।क्या इस प्रकार के चयन के परिणाम स्वरूप, जो प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने देश के लिए खेलने से वंचित रह गए, वे अपने आप को ठगा महसूस नहीं करेंगे? जब भी किसी ने इसके खिलाफ आवाज उठाई, उसे किसी न किसी प्रकार से दबाया गया है, ताकि अन्य लोग भी इस प्रकार की ठगी को चुपचाप सहन करते रहें और उसके विरुद्ध कोई आवाज उठाने का साहस तक न करें।

कहा जाता है, ठग ही जाने, ठग की भाषा। लगता है ठगने की प्रतिस्पर्धा हो रही है कि के ठगने की कला में कौन कितना सिद्ध है? जो जितना पारंगत है उतना ही वह दूसरे को ठगने में लगा हुआ है। ठगने में पाखंडी बाबाओ की कोई कमी नहीं है। ये विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियों का शर्तिया इलाज करने का दावा करते हैं और भोली जनता उनके मार्केटिंग के जाल में फंस कर ठगी का शिकार हो जाती है। कई बार तो ये ठग, महिलाओं का यौन शोषण करने से भी नहीं चूकते। हमारे एक निकट परिचित ने अभी हाल ही में एक बड़ी धनराशि किसी तथा कथित आयुर्वेद विशेषज्ञ के हवाले कर दी, जबकि उन्होंने किसी प्रकार की न तो कोई रसीद दी एवं न उन्होंने यह बताया कि वह किस प्रकार की दवाएं उनको दे रहे हैं। जब उनसे इस बारे में प्रश्न किया गया तो उन्होंने यहां तक कहा कि वह भगवान हैं और भगवान से कोई प्रश्न नहीं किया जा सकता। ऐसे व्यक्ति, अंध भक्ति के कारण खूब फल फूल रहे हैं। स्पष्ट है, ठगने के व्यापार में सभी लोग एक-दूसरे के सहायक की भूमिका निभा रहे हैं। सरकार की कोप दृष्टि इन पर कभी नहीं पड़ती क्योंकि यह सरकार के अधिकारियों की मिलीभगत से ही ऐसा करने में सफल होते हैं।

मैंने बहुत विचार किया कि कोई तो ऐसा क्षेत्र होगा जहां लोग ठगी से बचे हुए हैं, किंतु ऐसा कोई क्षेत्र दिखाई नहीं देता।

सरकार की लगभग सारी योजनाएं कुछ लोगों के द्वारा ठगी करने के कारण दलालों की बलि चढ़ गई है। हाल ही में समाचार पत्रों में यह प्रकाशित हुआ है कि कैसे अनेक वृद्ध व्यक्तियों को मिल रही पेंशन उन्हें मृत घोषित करते हुए बंद कर दी गई, जब कि वे जीवित हैं। इसी प्रकार हजारों लोगों को राज्य से पलायन करना बता कर उनकी पेंशन बंद कर दी गई। मीडिया में ऐसे पीड़ित लोगों के नाम, फोटो के साथ प्रकाशित हुए हैं। इसके बावजूद ऐसा लगता नहीं है कि, जिस अधिकारी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई, उसके विरुद्ध कार्रवाई करके उसे नौकरी से निकाल दिया जाएगा। जवाबदेही की कमी के कारण ही ठगने का कारोबार तेजी से बढ़ रह रहा है।

सही बात तो यह है कि हम में से प्रत्येक, प्रतिदिन किसी न किसी प्रकार की ठगी का शिकार हो रहा है, कभी जाने में, कभी अनजाने में। इससे उबरने का कोई रास्ता फिलहाल तो नजर नहीं आ रहा है। देखना है, क्या कोई सरकार या नागरिक संगठन, इस दिशा में कोई प्रभावी कार्रवाई करके, देश के नागरिकों को ठगी का शिकार होने से बचाने में सफल हो पाता है या नहीं? अभी तो जिन नियामक संस्थाओं के ऊपर ठगी से बचाने की जिम्मेदारी है, वही इसे बढ़ाने में लगी हुई प्रतीत होती हैं जैसे सेबी, बीमा नियामक अधिकरण, आदि आदि।

आइए, हम सब मिलकर देश को इस ठग संस्कृति से बाहर निकालने में एकजुट होकर प्रयास करें ताकि देश वासियों की गाढ़ी कमाई का पैसा बर्बाद होने से बचाया जा सके। यदि ऐसा हो सका तो हमें यह नहीं कहना पड़ेगा "यह देश है ठगने वालों का........"

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# प्रजातांत्रिक प्रधान : कुछ बातें जो भूलनी नहीं चाहिए



**डॉ. रामावतार शर्मा**

यदि इतिहास के उस दौर पर एक नजर डाली जाए जब अमेरिका में गृहयुद्ध हुआ, क्रांति हुई और वहां के सेनापति जॉर्ज वाशिंगटन नव उदित देश के पहले राष्ट्रपति बने, उस समय जॉर्ज वाशिंगटन एक अति प्रिय और बड़े ताकतवर नेता थे परंतु देश में प्रजातंत्र स्थापित होते ही उन्होंने अमेरिका की सेना के कमांडर इन चीफ के पद से त्यागपत्र दे दिया। उस काल के हिसाब से वे राष्ट्रपति एवं सेना प्रमुख दोनों पदों पर बने रह सकते थे परंतु फिर भी उन्होंने एक अति प्रभावशाली पद का त्याग किया जिसे देख कर उनके प्रबल विरोधी किंग जॉर्ज तृतीय ने कहा था कि वाशिंगटन ने ऐसा करके बता दिया है कि वह इस समय के महानतम व्यक्ति हैं। अपने राष्ट्रपति काल के दूसरे दौर में वाशिंगटन ने इस पद से भी त्यागपत्र दे दिया ताकि कोई व्यक्ति दो बार से अधिक अमेरिका का राष्ट्रपति नहीं बन सके, तानाशाह न बन पाए और जनता का मत ही सर्वोपरि रहे। त्यागपत्र के बारे में उनका कहना था कि यदि पद पर बने रहने के दौरान उनकी मृत्यु हो जाती है तो भविष्य में कोई अति प्रभावशाली व्यक्ति अपने आप को जीवनपर्यंत के लिए राष्ट्रपति घोषित कर सकता है। वाशिंगटन के ऐसा करने के बाद ही अमेरिका में एक व्यक्ति के लिए राष्ट्रपति पद को दो बार के लिए सीमित किया गया। वाशिंगटन बहुत ही लोकप्रिय कमांडर इन चीफ और राष्ट्रपति थे और उस समय चाहते तो आसानी से अपने आप को जीवनपर्यंत के लिए राष्ट्रपति घोषित कर सकते थे परंतु उन्होंने स्वेच्छा से पद त्याग कर जनता को सर्वोच्च रखा और अपने परिवार से कहा ;आओ, अब घर चलते हैं। ;

जॉर्ज वाशिंगटन के बाद 44 और लोग अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर आए और उन्हीं की प्रेरणा के फलस्वरूप सब ने अपने चार या आठ साल के कार्यकाल के बाद सत्ता वापिस जनता के हाथों में संभला दी, सिर्फ एक व्यक्ति के कुत्सित प्रयास को छोड़ कर और उस व्यक्ति का नाम डोनाल्ड ट्रंप है। ट्रंप अपने पिछले लोकतंत्र विरोधी प्रयास में असफल होने के बाद फिर से सत्ता को अपने हाथ में लेने को उत्सुक है परन्तु इस बार यह प्रयास जनता के हाथ से प्राप्त करने का प्रयत्न है। देखा जाता है कि हर प्रजातांत्रिक देश में जनता का एक अच्छा खासा वर्ग तानाशाही या राजतंत्र का पक्षधर होता है। चूंकि अधिकतर घरों में एक तरह का पिता केंद्रित निरंकुश तंत्र कार्य करता है तो जनता का एक बड़ा वर्ग इसी तरह की व्यवस्था देश या राज्य में चाहता है। एक राजनीतिक पार्टी या व्यक्ति के पक्ष में चलने वाली लहर इसी मानसिक सोच की तरफ इशारा करती है। लोकप्रियता वाले नारे, नस्ल या धर्म आधारित राजनीति, बदले की राजनीति और भय का निर्माण आदि किसी भी समाज में प्रजातंत्र को नष्ट करने के सर्व चलित हथियार हैं जिनका चालाक नेता लोग जम कर उपयोग करते हैं। जॉन केली डोनाल्ड ट्रंप के द्वितीय चीफ ऑफ स्टाफ रहे हैं। केली के अनुसार ट्रंप इस बात से पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं कि अमेरिका के सामान्य नागरिक की दृष्टि में अमेरिका क्या मायने रखती है, उसकी नजर में अमेरिका कैसा होना चाहिए। ट्रंप का एकमात्र उद्देश्य सत्ता पर कब्जा कर गोरे लोगों का प्रभुत्व कायम करना और सत्ता पर अपनी निरंकुशता बनाना है। देखा गया है कि जो भी लोग सत्ता प्राप्त करने के लिए पागल बने होते हैं वे प्रजातंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा होते हैं। उन लोगों के पद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, चांसलर, प्रिय नेता आदि कुछ भी हो सकते हैं, वे जनता द्वारा चुने हुए भी हो सकते हैं परंतु सत्ता को अपनी पकड में रखने का उनका स्वभाव पूरे विश्व में एक जैसा होता है और वे सभी राष्ट्रीय स्वाभिमान, धार्मिक तथा सांस्कृतिक सर्वोच्चता, नस्लवाद और किसी संभावित खतरे जैसे हथियारों का उपयोग कर सदैव के लिए सत्ता अपने पास रखने में प्रयत्नशील रहते हैं। ये लोग किसी भी स्थिति में जॉर्ज वाशिंगटन की तरह नहीं कहेंगे कि मैने मेरा सर्वोत्तम मेरे देश के लिए दे दिया है और अब समय आ गया कि वापिस घर चला जाए।

कोई भी शासक कितना ही बुद्धिमान हो परंतु वह आठ या दस वर्ष के बाद सिर्फ एक ढर्रे पर चलने लगता है। सत्ता के शिखर का अकेलापन उसमें नए विचार, नए दर्शन को विकसित नहीं होने देता है। एक परोक्ष एवं आंतरिक सत्ता संघर्ष उसकी ऊर्जा को सत्ता में बने रहने के प्रयत्नों में नष्ट करने लगता है जो उसकी सोच में नयापन नहीं आने देता। सत्ता के शिखर पर, इसलिए, किसी भी व्यक्ति को दस वर्ष के बाद नहीं बने रहना चाहिए। एक पार्टी भले ही कई साल सत्ता में बनी रहे पर उसके नेतृत्व में परिवर्तन देश और स्वयं उस पार्टी के लिए शायद एक बेहतर विकल्प होता है। जिस भी राजनीतिक ढांचे में एक ही व्यक्ति, परिवार या परंपरा का वर्चस्व बना रहता है वह ढांचा एक समय के बाद कमजोर हो कर बिखर जाता है। परंतु सत्ता का मोह ऐसा होता है कि एक व्यक्ति तो सत्ता से चिपका रहना ही चाहता है, पार्टी में भी विकल्प ढूंढने की हिम्मत नहीं होती है। भय और सत्ता प्रेम से उपजी यह मानसिकता देश में नवीनता नहीं लाने देती है और इसी के कारण हर अति प्रभावशाली देश और साम्राज्य एक समय के बाद बिखर जाता है। रोमन तथा ओटोमन साम्राज्य इसी मानसिकता के शिकार हुए थे और आज अमेरिका का घटता वैश्विक प्रभाव भी उसके आने वाले ह्रास को इंगित कर रहा है क्योंकि वहां अब अधिकतर नेता वयोवृद्ध उम्र के होने लगे हैं। दुनिया से प्रजातांत्रिक देशों के नागरिकों को भी अपने सोच में नवीनता लानी पड़ेगी वरना हर प्रजातंत्र एक भ्रष्ट तंत्र का रूप ले लेगा और परोक्ष निरंकुशता कितने ही नागरिकों से उनके जीने का अधिकार छीन लेगी। इस स्थिति का एक अन्य खतरनाक पहलू समाजों का विघटन भी है जहां छोटी मानसिकता के लोग सोशल मीडिया द्वारा जाति आधारित द्वेष फैलाने में सफल हो जाएंगे क्योंकि उनकी नजर में राजनीतिक और सामाजिक ऊंचाइयों पर चढ़ने के लिए यह सबसे आसान मार्ग है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किया जाएगा बाड़मेर मॉडल : मंत्री के.के.बिश्नोई

> ■ **वेब पोर्टल की शुरूआत होने से दिव्यांग अपने घर से आनलाइन सुविधाओं का फायदा ले सकेंगे।**

**बाड़मेर, (निसं)।** जन कल्याणकारी योजनाओं से कोई भी दिव्यांगजन वंचित नहीं रहें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल ने दिव्यांगजनों के लिए कई योजनाएं लागू की है। बाड़मेर जिला प्रशासन से उसी दिशा में पहल करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं की धरातल पर क्रियान्विति का सराहनीय कार्य किया है। इसकी बदौलत दीपावली से पहले दिव्यांगजनों को खुशियों की सौगात मिली है। उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के.विश्नोई ने सोमवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर आदर्श स्टेडियम में आयोजित दिव्यांग सहायक अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के.विश्नोई ने कहा कि दिव्यांगजनों के जीवन को सशक्त करने की दिशा में राज्य सरकार संकल्पबद्ध है। उनके कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू की गई है। इनका लाभ राज्य के प्रत्येक दिव्यांगजन तक पहुंच सके, इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बाडमेर जिला प्रशासन की अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में बाडमेर मॉडल को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विशेष योग्यजनों को आत्म-सम्मान के साथ जीवन सशक्त करने तथा राज्य की प्रगति में योगदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वेब पोर्टल की शुरूआत होने से दिव्यांग अपने घर से आनलाइन सुविधाओं का फायदा ले सकेंगे। उन्होंने एक ही स्थान पर समुचित जानकारी मिल सकेगी। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के.विश्नोई, शिव विधायक रविन्द्रसिंह भाटी, जिला कलैक्टर टीना डाबी, सभापति दिलीप माली, प्रधान रूपाराम सारण, समाजसेवी दीपक क?वासरा, रमेश शर्मा, प्रतिपक्ष नेता पृथ्वी चंडक, लक्ष्मण वडेरा, भामाशाह एवं उद्यमी किशोरसिंह कानोड, रमेशसिंह इंदा, राजूदास भील ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिलें एवं सहायक उपकरण वितरित किए। इस दौरान जिला कलैक्टर टीना डाबी ने कहा कि अक्टूबर माह में बाडमेर जिला प्रशासन ने उपखंड स्तर पर दिव्यांगजन शिविरों के आयोजन करने के साथ उनको जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो, इसके लिए जिला स्तर से मेडिकल बोर्ड का गठन करते हुए उनको दिव्यांगजन शिविर में भेजा गया। इससे दिव्यांगजनों को खासी सहुलियत हुई। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान 7 हजार व्यक्तियों का पंजीयन करते हुए 2031 पात्र दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र अनुमोदित किए गए। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों का दिव्यांग फ्रेंडली होने संबंधित ऑडिट करवाया गया है। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने कहा कि बाडमेर मॉडल को राज्य सरकार पूरे प्रदेश में लागू करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में द्वितीय चरण के दौरान दिव्यांगजनों को बेहतरीन सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा। नगर परिषद सभापति दिलीप माली ने कहा कि दिव्यांगजन का आत्मबल बढ़ाने एवं उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने सराहनीय कार्य किया है। समाजसेवी रमेश शर्मा ने कहा कि आमजन दिव्यांगजन की हरसंभव मदद करने के लिए आगे आएं। उन्होंने दिव्यांगजनों को हिम्मत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम कां संचालन प्रोफेसर डॉ. मुकेश पचौरी ने किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत, यूआईटी सचिव श्रवणसिंह राजावत, उपखंड अधिकारी वीरमाराम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक सुरेन्द्रप्रतापसिंह भाटी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मूरलीधर यादव, कृष्णसिंह राणीगांव, भगवान बारूपाल, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनंत आर्य, विकास अधिकारी औंकारदान समेत विभिन्न जन प्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक उपकरण :** आदर्श स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 112 ट्राई साइकिल, 47 व्हीलचेयर, 34 श्रवण यंत्र, 138 वैशाखी एवं 27 ब्लाइंट स्टीक वितरित की गई।

**दिव्यांगों के लिए विशेष पोर्टल लॉच :** कार्यक्रम में बाडमेर जिला प्रशासन की ओर से दिव्यांगजनों को समुचित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए वेब पोर्टल को लॉच किया गया। जिला कलैक्टर टीना डाबी ने बताया कि इस वेब पोर्टल से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर सुगम और सुलभ जानकारी उपलब्ध मिल सकेगी। इस पोर्टल पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, जियो टैगिंग के साथ सार्वजनिक स्थानों की सूची, विशेष रूप से उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं, दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं कानून के साथ उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में नवो बाडमेर समन्वित प्रयास सशक्त समाज अभियान के दौरान बेहतरीन कार्य करने पर सेडवा उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई, चौहटन तहसीलदार कृष्णा इंकिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक सुरेन्द्र प्रतापसिंह भाटी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दिलीपसिंह, महेन्द्रसिंह,डा.कंवराराम, डॉ.महेन्द्रसिंह, डॉ.मोहित कुमार, डॉ.भगवानसिंह ,डॉ.भानुप्रतापसिंह को सम्मानित किया गया। वही ट्राइसाइकिल वितरण करने के दौरान उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के.विश्नोई, जिला कलक्टर टीना डाबी एवं अन्य अतिथियों ने दिव्यांगजनों का माल्यार्पण किया। इस दौरान कई दिव्यांगजनों की आंखों में खुशी के आंसू झलक पडे। शिविर में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे दिव्यांगजनों ने बताया कि यह पहला मौका है जब उनका आसानी से दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी हुआ।

# बीमा कंपनी को नौ फीसदी ब्याज दर से मुआवजा अदा करने के आदेश

> ■ **वाहन दुर्घटना में कार में सवार चार व्यक्तियों की मौत हुई थी**

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की न्यायाधीश डॉ. नूपुर भाटी ने अपने विस्तृत फैसले में यह प्रतिपादित किया है कि अधिकरण के समक्ष लिखित जवाब के विपरीत जाकर बीमा कंपनी नया तर्क पेश कर मृतक कार चालक की दुर्घटना में लापरवाही नहीं बता सकती। उन्होंने मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण जोधपुर महानगर द्वारा मुआवजे पर ब्याज दर को 6 फीसदी से बढाकर 9 फीसदी ब्याज दर से भुगतान करने का बीमा कंपनी को निर्देश दिया है।

दरअसल 8 सितम्बर 2014 को हुई वाहन दुर्घटना में कार में सवार चारों व्यक्तियों की मौत हो गई। ट्रक ट्रोला चालक की लापरवाही से हुई टक्कर से मौत की आगोश में समा गए तीन मृतक के दावेदार की ओर से अधिवक्ता अनिल भंडारी ने हाइकोर्ट के समक्ष बहस करते कहा कि अधिकरण ने प्रथम सूचना रपट,चार्जशीट आदि दस्तावेज से सही निष्कर्ष निकाला कि दुर्घटना ट्रक ट्रोला चालक की गलती से हुई है।सो न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी मुआवजे के वास्ते 6 फीसदी ब्याज सहित जवाबदेह है।

अधिवक्ता भंडारी ने कहा कि वर्तमान ब्याज दर को देखते हुए 9 फीसदी ब्याज दिलाया जाएं। इस पर बीमा कंपनी की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर नक्शा मौका पेश कर कहा गया कि कार चालक ने गलत दिशा में आकर सामने से आ रहे ट्रक को टक्कर मारकर दुर्घटना कारीत की है। इसलिए अपील मंजूर कर दावा खारिज किया जाएं। राजस्थान उच्च न्यायालय की न्यायाधीश डॉ नूपुर भाटी ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अधिकरण के समक्ष बीमा कंपनी ने यह जवाब दिया कि कोहरे के कारण खड़े ट्रक ट्रोला को कार चालक ने पीछे से आकर टक्कर मारी,लेकिन हाइकोर्ट के समक्ष पेश अपील और बहस में इससे बिलकुल ही विपरीत जाकर यह तर्क कतई माने जाने योग्य नहीं है कि कार चालक ने गलत दिशा में जाकर सामने से आ रहे ट्रक ट्रोला को टक्कर मारी हो।उन्होंने कहा कि बीमा कंपनी अपने जवाब से बाधित है और उन्हें अब विरोधाभाषी तर्क की अनुमति नहीं दी सकती है। उन्होंने कहा कि दावेदारों ने प्रथम सूचना रपट और चार्जशीट से यह साबित किया है कि दुर्घटना ट्रक चालक की लापरवाही और गलती से हुई है,जबकि बीमा कंपनी ने अधिकरण के समक्ष न तो कोई गवाह पेश किया और न ही ट्रक ट्रोला चालक और मालिक को अधिकरण के समक्ष प्रतिपरीक्षण के वास्ते बुलाने का कोई प्रयास किया।उन्होंने कहा कि नक्शा मौका वैसे भी दुर्घटना के 27 घंटे बाद बना है। उन्होंने बीमा कंपनी का अपील के दौरान नक्शा मौका और फोटो को रिकॉर्ड पर लेने के आवेदन को खारिज कर दिया कि उसमें कोई समुचित कारण नहीं बताया गया है। उन्होंने एक दावेदार की ओर से मृतक के आयकर रिटर्न आकलन वर्ष 2012 -13 को मोटर वाहन अधिनियम कल्याणकारी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए रिकॉर्ड पर लेते हुए अधिकरण द्वारा न्यूनतम मजदूरी के हिसाब से तय मुआवजे को वास्तविक आय के अनुरूप मुआवजा राशि निर्धारित की।

## राशिफल मंगलवार 29 अक्टूबर, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 3:24 तक, ऐन्द्रयन योग प्रातः 7:48 तक, तैतिल करण दिन 10:32 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-तुला, गुरू-वृष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज त्रिपुष्कर योग सूर्योदय से दिन 10:32 तक है। आज बुध वृश्चिक में रात्रि 10:39 पर प्रवेश करेगा। आज भौम प्रदोष व्रत, धन तेरस, धन त्रयोदशी निमित्त सायं यम दीपदान, धनवंतरी जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:25 से 10:48 तक, लाभ-अमृत 10:48 से 1:34 तक, शुभ 2:57 से 4:20 तक।


**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:39, सूर्यास्त 5:43

### मेष




परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष



व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मिथुन



घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क




परिवार में शुभ और मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में संयम रखना ठीक रहेगा।

### सिंह



आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। अतिथियों का आगमन रहेगा।

### कन्या



आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला



व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

### वृश्चिक



आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

### मकर



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कुंभ



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

### मीन



परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में मांगलिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 204 प्रभात जालोर, मंगलवार 29 अक्टूबर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# क्या आर.बी.आई. के गवर्नर शक्तिकांत दास को एक और एक्सटैंशन मिलेगा

## अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय पत्रिका ग्लोबल फाइनैंस द्वारा भारतीय मॉनिटरी पॉलिसी के लिए शक्तिकांत दास को ''ए प्लस'' रेटिंग दिए जाने से उनका दावा और मजबूत हुआ है

- दिसम्बर 2018 में तत्कालीन आर.बी.आई. गवर्नर उर्जित पटेल के अचानक इस्तीफा देने के बाद, पूर्व वित्त सचिव शक्तिकांत दास को तीन साल के लिए आर.बी.आई. गवर्नर बनाया गया था, सरकार के साथ उनका कार्यकाल एकदम निर्विवादित रहा, इसलिए उन्हें 2021 में 3 साल का एक्सटैंशन दिया गया और इसी आधार पर एक और एक्सटैंशन मिलने की संभावना है।
- उनसे पहले जो दो गवर्नर थे, उर्जित पटेल और रघुराम राजन, उनके सरकार के साथ संबंध विवादों से भरे रहे थे।
- इसी बीच सरकार को तीन और महत्वपूर्ण नियुक्तियां करनी हैं। इनमें से एक है सी.ए.जी., जी.एस. मुर्मू, जिनका कार्यकाल नवम्बर में खत्म हो रहा है। उन्हें एक्सटैंशन नहीं मिल सकता, क्योंकि उनकी नियुक्ति की शर्तों में साफ लिखा है कि रिटायर होने के बाद वे ना एक्सटैंशन ले सकते हैं ना ही कोई नया पद।
- मुख्य आर्थिक सलाहकार वी.अनंता और सेबी चीफ माधवी पुरी बुच का कार्यकाल भी खत्म हो रहा है पर उन्हें दोबारा मौका मिल सकता है। हालांकि, सेबी चीफ के मुद्दे को लेकर सरकार और विपक्ष, खासकर कांग्रेस आमने-सामने है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। क्या रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया (आर.बी.आई.) के गवर्नर को दिसम्बर में तीन वर्षों का तीसरा कार्यकाल मिलेगा? गैर विवादस्पद गवर्नर शक्तिकांत दास के पास वित्तीय क्षेत्र को बेहतरीन तरीके से संभालने तथा केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के साथ सामंजस्यपूर्ण संबंधों के कारण शीर्ष पद पर बने रहने की सभी योग्यताएं हैं।

दास के बेदाग ट्रैक रिकॉर्ड को ''ग्लोबल फाइनैंस'' पत्रिका के, 2024 सैंट्रल बैंक रिपोर्ट कार्ड ने लगातार दूसरे वर्ष मान्यता दी है। आर.बी.आई. गवर्नर को, जटिल आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत की मॉनिटरी पॉलिसी (मौद्रिक नीति) कुशलतापूर्वक संभालने के लिए रिपोर्ट कार्ड में ''ए प्लस'' रेटिंग दी गई है। यह पुरस्कार वॉशिंगटन डी.सी. में, मुख्य जिम्मेदारियों के आधार पर लगभग 100 केन्द्रीय बैंक गवर्नरों के ग्लोबल असैसमैंट (वैश्विक मूल्यांकन) के आधार पर दिया गया है।

पूर्व वित्त सचिव शक्तिकांत दास को, उरजित पटेल के सरकार के साथ तनाव के बीच दिए गए अप्रत्याशित इस्तीफे के बाद, दिसम्बर 2018 में तीन साल का पहला कार्यकाल मिला था। फिर तीन साल पहले उनको एक्स्टैंशन दिया गया था। केन्द्र सरकार के साथ उनके मजबूत व स्थिर संबंधों के कारण उनको एक और एक्सटैंशन मिलने की संभावना बढ़ जाती है। उनके पूर्ववर्ती, दो आर.बी.आई. गवर्नरों, उरजित पटेल व रघुराम राजन के वित्त मंत्रालय के साथ संबंध अच्छे नहीं थे।

प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, दास के साथ-साथ शीघ्र ही तीन और प्रमुख नियुक्तियाँ करनी होंगी। आने वाले महीनों में, केन्द्रीय सरकार को जी.एस. मुर्मू का उत्तराधिकारी नियुक्त करना होगा,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अडानी और सेबी चीफ प्र.मंत्री को ब्लैकमेल कर रहे हैं'

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। सोमवार को कांग्रेस ने आरोप लगाया कि अडानी और सेबी चीफ माधवी पुरी बुच मोदी सरकार को ब्लैकमेल कर रहे हैं कि यदि उनपर या उनका सहयोग कर रहे किसी भी व्यक्ति पर हमला हुआ तो सरकार को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

राहुल गांधी ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर 4 मिनट 39 सेकेंड का एक वीडियो क्लिप (टीजर) पोस्ट किया। राहुल ने कहा, संस्थागत पतन ने अब भाई-भतीजावाद के अधिक खतरनाक स्वरूप अडानी

- राहुल गांधी ने यह भी कहा कि बुच अडानी के हितों की रक्षा के लिए सिस्टम में हेर-फेर कर रही है और केन्द्र सरकार चुप है।

बचाओ सिंडिकेट को जन्म दिया है। मौजूदा सरकार अब केवल एकाधिकार को बढ़ावा नहीं दे रही है, बल्कि सक्रिय रूप से देश की संपत्ति को कुछ लोगों के हाथों में केन्द्रित कर रही है।

उन्होंने कहा कि माधबी बुच कांड जितना सोचा गया था, उससे कहीं अधिक गहरा है। हो सकता है कि खुदरा निवेशकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही बुच अडानी के हितों की रक्षा के लिए सिस्टम में हेरफेर कर रही हों।

# 'एक प्रदेश में कितने सांसद हों, यह जनगणना के आकड़े निर्धारित करेंगे?

## ऐसे मुद्दों पर निर्णय के लिये सरकार एक सर्वदलीय बैठक आयोजित करे

- एक और मुद्दा कांग्रेस बार-बार उठा रही है, कि क्या जनगणना में जातिगत सर्वे ही होगा। इस प्रश्न पर भी कांग्रेस सर्वदलीय बैठक में निर्णय कराना चाहती है।
- सैन्सस कमिश्नर का कार्यकाल बढ़ाने की घोषणा के बाद, यह चर्चा जोरों पर है कि शीघ्र ही सरकार सैन्सस (जनगणना) करायेगी।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। कांग्रेस ने आज बहु-प्रतीक्षित जनगणना को लेकर मोदी सरकार पर प्रश्नों की बौछार की। कांग्रेस ने माँग की कि सरकार जनगणना से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों को स्पष्ट करने के लिए सर्वदलीय मीटिंग बुलायें।

कांग्रेस की यह माँग उन मीडिया-रिपोर्टों के बाद आई है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार द्वारा जनगणना अगले वर्ष कराये जाने के सम्भावना है।

कांग्रेस महासचिव तथा मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''रजिस्ट्रार जनरल तथा जनगणना आयुक्त के कार्यकाल में वृद्धि की अधिसूचना अभी-अभी जारी हुई है। इसका अर्थ यह निकलता है कि अति-विलम्बित जनगणना, जो 2021 में होनी थी, आखिरकार शीघ्र ही कराई जायेगी। लेकिन दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्थिति अभी भी कतई स्पष्ट नहीं है।''

रमेश ने पूछा है कि क्या ''नई जनगणना'' में अनुसूचित जातियों (एस.सी.) तथा अनुसूचित जनजातियों (एस.टी.) की गणना, जो 1951 से बाद से प्रत्येक जनगणना में की जाती रही है, के अतिरिक्त देश की सभी जातियों की विस्तृत गणना शामिल होगी। कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार, इस प्रकार की जातिगत जनगणना कराना संघीय सरकार का अनन्य दायित्व है।

उन्होंने पूछा, ''क्या इस जनगणना का उपयोग लोकसभा में प्रत्येक राज्य की संदस्य संख्या के निर्धारण के लिये किया जायेगा, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद में जरूरी बताया गया है (यह अनुच्छेद कहता है कि 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना तथा इसके परिणामों का प्रकाशन ऐसे किसी भी पुनर्गठन का आधार होगा ? क्या इस कार्य से उन राज्यों को नुकसान होगा, जो परिवार-नियोजन के मामले में आगे रहे हैं?'' उन्होंने कहा, ''सर्वाधिक उपयुक्त यह रहेगा कि इन दो प्रमुख मुद्दों पर स्पष्ट स्थिति लाने के लिये एक सर्वदलीय मीटिंग जल्दी ही बुलाई जाये।''

# भतीजे के खिलाफ भतीजा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नामांकन बंद होने के एक दिन पहले सोमवार को, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री तथा एन.सी.पी. प्रमुख अजित पवार ने अपना नामांकन पत्र बारामती से भर दिया तथा अब वे इस सीट पर अपने भतीजे तथा शरद पवार के पौत्र युगेन्द्र पवार (एन.सी.पी.-एस.पी. उम्मीदवार) का सामना करेंगे।

- शरद पवार के बारामती से अपने भतीजे अजित पवार के सामने उनके ही भतीजे युगेन्द्र पवार को मैदान में उतारा है।

विदित ही है कि अजित, जिन्होंने शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की सरकार को गिराने के लिये पार्टी तोड़ दी थी।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी शिव सेना उम्मीदवार के रूप में थाने जिले की कोप्री-पचपाखाड़ी सीट से अपना नामांकन भर दिया है।

सत्तारूढ़ गठबंधन के प्रतिद्वंदी शरद पवार ने सोमवार को कहा कि महविकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) महाराष्ट्र में जन-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'नड्डा और मैं भाई हैं, क्योंकि, एक ही ''आइलियोलॉजिकल परिवार'' के सदस्य हैं'

## आर.एस.एस. के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने मथुरा में आयोजित संघ के कार्यकारी मण्डल की बैठक के बाद प्रैस कॉन्फ्रैंस में कहा

- होसबाले ने इस संदर्भ में यह भी कहा कि भाजपाध्यक्ष जे.पी. नड्डा व आर.एस.एस. के बीच मतभेद की बात को कपोल कल्पित है, उन्होंने यह भी कहा कि नड्डा की लोकसभा चुनाव के पहले दी गई बहुचर्चित टिप्पणी के बाद, लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद वे नड्डा के घर गये थे तथा भोजन किया था।
- होसबाले ने यह भी कहा कि आर.एस.एस. योगी आदित्यनाथ के नारे का समर्थन करती है कि ''हिन्दू बंटेंगे, तो कटेंगे।''

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने हिन्दू एकता के महत्व पर जोर देते हुए, भाजपा के साथ किसी प्रकार मतभेद न होने की फिर से पुष्टि की। वे मथुरा के परखन गाँव में एक प्रैस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने अपने वक्तव्य में, उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के नारे ''बँटेंगे तो कटेंगे'' का समर्थन किया, उन्होंने जोर देते हुए, इस नारे को एकता का आव्हान बताया।

होसबाले ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ अपने सम्बन्ध का जिक्र करते हुए, उन्हें समान वैचारिक परिवार का अपना भाई बताया।

भाजपा अध्यक्ष के साथ किसी प्रकार की दरार का खंडन करते हुए, होसबाले ने कहा कि चुनाव तथा अन्य मामलों में संघ से पार्टी की स्वतन्त्रता के बारे में आम चुनावों से पहले की भाजपा अध्यक्ष की टिप्पणी के बाद तो उन्होंने नड्डा के निवास पर भोजन किया था। उन्होंने कहा कि उस समय तक लोकसभा चुनाव समाप्त हो गए थे।

मथुरा में संघ के कार्यकारी मंडल (केन्द्रीय कार्यकारी) की मीटिंग के अन्तिम दिन, होसबाले कई मुद्दों पर बोले थे। इनमें ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म के नियमन, न कि नियन्त्रण, की आवश्यकता भी शामिल थी। उन्होंने कहा था कि इसके लिये फिल्म सेंसर बोर्ड जैसी कोई व्यवस्था की जा सकती है।

योगी आदित्यनाथ के ''बँटेंगे तो कटेंगे'' नारे के बारे में पूछे गये एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, होसबाले ने हिन्दू एकता के रेखांकित संदेश तथा जाति, रंग या मतों पर आधारित विभाजन के खतरे विस्तार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रियंका ने वायनाड में मदर टैरेसा से मुलाकात का किस्सा सुनाया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। वायनाड में अपने चुनाव प्रचार के पहले दिन प्रियंका गांधी ने मदर टैरेसा के साथ अपनी एक मुलाकात का उल्लेख किया।

उन्होंने बताया कि उनके पिता राजीव गांधी हत्या के कुछ माह बाद मदर टैरेसा उनके घर आई थी। मदर ने प्रियंका

- प्रियंका ने बताया कि उनके पिता की हत्या के कुछ माह बाद मदर टैरेसा उनके घर आईं थीं और उन्हें दीन दुखियों के लिए काम करने की प्रेरणा दी थी।

से कहा था कि वे दीन दुखियारों के लिए काम करें। इसके बाद प्रियंका ने मदर टैरेसा के संगठन में जाकर काम किया।

प्रियंका ने बताया, उस समय मैं 17 साल की थी। मेरे पिता का निधन हुए 6-7 माह ही हुए थे। मुझे बुखार था तो मैं कमरे से बाहर नहीं निकली। फिर वो खुद मेरे कमरे में आई। अपना हाथ मेरे माथे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महाराष्ट्र एवं झारखंड के चुनावों में बड़ी समानता है ''परिवारवाद''

## परिवारवाद को लेकर कांग्रेस की आलोचना करने वाली भाजपा भी इससे अछूती नहीं है

- झारखंड में भाजपा ने अर्जुन मुंडा की पत्नी, चंपई सोरेन के बेटे, रघुवर दास की पुत्रवधु सहित कई नेताओं के रिश्तेदारों को टिकट दिए हैं।

-श्रीनन्द झा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। महाराष्ट्र एवं झारखंड के आसन्न विधानसभा चुनावों में एक बात समान है, वो है परिवारवाद। सभी राजनैतिक दलों ने इन चुनावों में अच्छी खासी संख्या में राजनैतिक उत्तराधिकारी खड़े किए हैं। भाजपा, जो परिवारवादी राजनीति के खिलाफ अक्सर शोर मचाती रहती है,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# महाराष्ट्र चुनाव की खींचतान में कांग्रेस ने भाजपा व मोदी सरकार पर नया आरोप लगाया

## कांग्रेस ने कहा, मोदी सरकार महाराष्ट्र के हितों की बलि दे रही है और प्र.मंत्री मोदी ने महाराष्ट्र में लगने वाले कई उद्योग व सैंटर गुजरात भेज दिए हैं

- कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में जिस टाटा एयरबस सी-295 फैसिलिटी का उद्घाटन किया है वह नागपुर में लगने वाली थी।
- कांग्रेस ने कहा, इससे पहले वेदांत फॉक्सकॉन चिप फैक्टरी, इंटरनैशनल फायनैंशियल सर्विसेज़ सैंटर, डायमंड ट्रेड सैंटर, ड्रग पार्क भी महाराष्ट्र से छीनकर गुजरात भेज दिए गए।
- महाराष्ट्र के महत्व को देखते हुए विधानसभा चुनावों में भारी तनाव है, यहाँ हरेक दल आरोपों की राजनीति कर रहा है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि टाटा एयरबस सी-295 के जिस निर्माण संयंत्र का वडोदरा में उद्घाटन हुआ है वो पहले नागपुर में लगने वाला था और कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इशारे पर केन्द्र सरकार और महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने महाराष्ट्र के हितों को दरकिनार कर दिया। कांग्रेस महासचिव और मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की जनता प्रधानमंत्री व उनके सहयोगियों को इस धोखे का माकूल जवाब देगी।

प्रधानमंत्री मोदी व स्पेन के प्रधानमंत्री पैड्रो सांचेज़ द्वारा टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड-एयरबस फैसिलिटी का उद्घाटन किया गया, जिसमें सी-295 सैन्य विमान बनाए जाएंगे। इस उद्घाटन के बाद कांग्रेस ने यह आरोप लगाया। टाटा एयरबस फैसिलिट प्राइवेट सैक्टर का पहला संयंत्र है, जहाँ सैन्य विमान एसैम्बल किए जाएंगे।

रमेश ने कहा, आज नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री ने वडोदरा में टाटा-एयरबस सी-295 एयरक्राफ्ट फैसिलिटी जारी कर उद्घाटन किया। यह वही प्रोजैक्ट है जो नागपुर में लगने वाला था, लेकिन 2022 में विधानसभा चुनाव से पहले उसे गुजरात भेज दिया गया।

रमेश ने कहा, यह एकमात्र घटना नहीं है। नॉन बायोलॉज़िकल प्रधानमंत्री के निर्देश पर केन्द्र सरकार और महायुति सरकार ने साजिश रच के महाराष्ट्र के हितों की तिलांजलि दे दी है।

पूर्व की घटनाओं को उदाहरण देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा इन्टरनैशनल फाइनैंशियल सर्विसेज़ सैंटर भी गुजरात में लगाया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने मुम्बई में यह सैंटर लगाने के प्रयास शुरु किये थे। बांद्रा कुर्ला परिसर में आई.एफ.एस.सी. के लिए अलग से जमीन रख दी गई थी, पर उस प्रयास को भारी हानि पहुंचाई गई। इससे मुम्बई को दो लाख नौकरियों का नुकसान हुआ।

रमेश ने कहा कि भारत के डायमंड उद्योग को विकसित करने के लिए मुम्बई और सूरत ने कई दशकों से साथ मिलकर काम किया है। सूरत में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 924 किलो आतिशबाजी जब्त, दो व्यापारी गिरफ्तार

## शिकायतों के आधार पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की

**अलवर।** एनसीआर क्षेत्र में पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद खैरथल-तिजारा जिले के किशनगढ़बास में खुलेआम पटाखों की बिक्री की जा रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखा व्यापारियों पर शिकंजा कसा। टीम ने दो दुकानों पर छापा मारकर 924 किलो पटाखों की खेप बरामद की और दो व्यापारियों को गिरफ्तार किया।

उपखंड अधिकारी मनीष कुमार जाटव ने बताया कि प्रशासन को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि किशनगढ़बास के वशिष्ठ मार्केट में अवैध पटाखों की बिक्री हो रही है। इस पर पुलिस और प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए एक संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया। एसडीएम मनीष कुमार जाटव, तहसीलदार नरेंद्र भाटिया, थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह शेखावत और एएसआई ज्ञानचंद की टीम ने रविवार को अभियान चलाया, जिससे व्यापारियों को आतिशबाजी छिपाने का मौका नहीं मिला।


किशनगढ़बास में खुलेआम पटाखों की बिक्री पर पुलिस ने दबिश दी।

छापेमारी के दौरान, पुलिस ने किशनगढ़बास निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू और बम्बोरा गांव के निवासी मनोज धीवर को गिरफ्तार किया। जितेंद्र के कब्जे से 32 किलो 200 ग्राम और मनोज धीवर के पास से 892 किलो पटाखे बरामद किए गए। किशनगढ़बास के वशिष्ठ मार्केट में बने इन गोदामों में भारी मात्रा में पटाखे रखे गए थे, जो सुरक्षा के लिहाज से गंभीर खतरा थे। अधिकारियों का मानना है कि यह खेप दीवाली के त्योहार पर बेचने के उद्देश्य से जमा की गई थी।

थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि यह कार्रवाई रविवार दोपहर 3 बजे से देर रात 9 बजे तक चली। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन अब इलाके में अवैध पटाखा व्यापार की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी रखेंगे। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के पटाखा व्यापारियों में हडकंप मच गया है। प्रशासन की इस कड़ी कार्रवाई ने न केवल स्थानीय नागरिकों को राहत दी है, बल्कि अवैध व्यापार में लिप्त अन्य लोगों के लिए भी यह एक सख्त चेतावनी है कि कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# निगम में कार्यरत जेएलओ राधिका बंसल राज्य में टॉपर

**बीकानेर।** राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस (आरजेएस)- 2024 भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी हो गया है। जिसमें कुल 222 विद्याथिर्यों का चयन हुआ है। टॉप 10 में से 9 स्थान पर लड़कियों ने बाजी मारी है। बीकानेर संभाग की राधिका बंसल ने जनरल कैटेगरी में राज्य में टॉप किया है। राधिका वर्तमान में बीकानेर नगर निगम कार्यालय में कनिष्ठ विधि अधिकारी (जेएलओ) के पद पर कार्यरत हैं। राधिका ने 300 नंबरों के पेपर में 188 अंक हासिल कर नंबर वन रैंक प्राप्त की है। आरजेएस परीक्षा में बीकानेर का दबदबा रहा है।

बीकानेर से करीब 12 से अधिक अभ्यथिर्यों का इस परीक्षा में चयन हुआ है। राजकीय विधि महाविद्यालय बीकानेर के सात अभ्यथिर्यों का आरजेएस 2024 परीक्षा में चयन हुआ है। जिसमें छः छात्राएं हैं। राजकीय विधि कॉलेज की छात्रा शैली आचार्य ने 66वीं और रेनू बाला ने 68वीं रैंक हासिल की है। जबकि मोनिका राजपुरोहित ने 71वीं, महिमा ने 91वीं, प्रियंका सोलंकी ने 108वीं, ओमप्रकाश राईका ने 197, ऋचा जाटव ने 213वीं रैंक हासिल कर बीकानेर का नाम रोशन किया है। इसके अलावा बीकानेर की ही देवयानी शर्मा ने पहले प्रयास में 26 वीं रैंक हासिल की है। पाली में रहने वाली बीकानेर मूल की लवली सुराणा का भी आरसीएस परीक्षा में चयन हुआ है। जज का बेटा आदित्य व्यास भी बना जज बीकानेर मूल के आदित्य व्यास का प्रथम प्रयास में 47 रैंक पर आरजेएस में चयन हुआ है। आदित्य के पिता उमाशंकर व्यास वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में न्यायाधिपति के पद पर कार्यरत है वहीं उनकी मां नंदनी व्यास जिला एवं सैशन न्यायाधीश जयपुर मेट्रो के पद पर कार्यरत है। आदित्य की बहन सोनल एवं जीजा पुरुषोत्तम भी वर्तमान में अलवर में सिविल न्यायाधीश के पद पर कार्यरत है।

आरजेएस परीक्षा में टॉप रैंक हासिल करने वाली राधिका बंसल ने 'भास्कर' से कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। यदि आपको सफल होना है तो पढ़ ाई को पूरा समय देना होगा। बीकानेर संभाग के हनुमानगढ़ जिले में रहने वाली राधिका ने तीन महीने पहले ही नगर निगम बीकानेर कार्यालय में जेएलओ के पद पर कार्य ग्रहण किया था। राधिका ने बताया कि आरजेएस बनना उनका पहला सपना था। जिसे लगातार कठिन परिश्रम और अध्धयन से उन्होंने हासिल किया है।

## अवैध शराब के 388 कार्टन बरामद

**गुडामालानी,** (निसं)। बाडमेर जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाए जा रहे अवैध तस्करी रोकथाम अभियान के तहत एवं गुडामालानी पुलिस उपाधीक्षक सुखाराम विश्नोई के निर्देश पर क्षेत्र के रागेश्वरी पुलिस थाना नगर ने डीएसटी टीम के संयुक्त नाकाबंदी कर कार्यवाही करते हुए टैंकर से अवैध शराब के 388 कार्टन बरामद करने के साथ टैंकर चालक को गिरफ्तार किया। नगर थाना प्रभारी आदेश कुमार यादव ने बताया कि मुखबिर की सुचना पर नगर आरजीटी पुलिस एवं डीएसटी टीम ने नाकाबंदी करते हुए जोघपुर कि तरफ से आ रहे एक टैंकर को रुकवाकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान टैंकर के अन्दर रखें अवैध अंग्रेजी शराब के 388 कार्टन बरामद किए।


### कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.)

क्रमांक :- विकास/2024-25/1855 दिनांक :- 25/10/2024

**निविदा सूचना संख्या 12/2024-25 NIB Code DLB2425A3586**

नगर परिषद् जैसलमेर की ओर से नगर परिषद् जैसलमेर में उपयुक्त श्रेणी व अन्य विभागों में "ए" व 'एए' श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से उपरोक्त कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.in** व **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। उक्त कार्यो के यू.बी.एन. नं. DLB2425WSOB11266, 11267, 11268, 11269, 11271 है।

राज.संवाद/सी/24/7044

आयुक्त
नगर परिषद जैसलमेर


# अवैध डोडा-पोस्त सहित एक आरोपी गिरपतार



पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त के साथ एक आरोपी को गिरपतार किया।

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध सप्ताह की लगातार तीसरी बडी कार्यवाही की। ऑपरेशन भौकाल के दौरान तस्करों के खिलाफ कार्यवाही कर 679.655 किलोग्राम डोडा पोस्त (कीमतन करीब 50 लाख रूपये) सहित परिवहन में प्रयुक्त प्राईवेट एम्बुलेन्स वाहन को जब्त किया। डोडा पोस्त तस्कर भोमाराम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि प्राइवेट एम्बुलेंस वाहन में 33 काले रंग के प्लास्टिक कट्टों में भरे कुल 679.655 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त जिसकी कुल कीमत 50 लाख रूपए आंकी गई है, को बरामद कर मादक पदार्थ तस्कर भोमाराम जाट को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।


ज्ञात रहे कि 27.10.2024 को भंवरलाल उनि. थानाधिकारी बायतु मय जाब्ता द्वारा मुखबीर सुचना अनुसार पुलिस थाना बायतु के आगे बैरियर लगाकर नाकाबन्दी की जा रही थी। दौराने नाकाबन्दी नेशनल हाईवे से जोधपुर की तरफ से आ रही एक एम्बुलेंस वाहन को संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा रूकवाने का प्रयास किया तो एम्बुलेंस चालक द्वारा नजदीक आने पर पुलिस नाकाबन्दी को देखकर एम्बुलेन्स की बत्ती व सायरन को चालु कर पुलिस जाब्ता को जान से मारने की नियत से बैरिकेट को टक्कर मारकर हवा में उडा दिया, बैरियर एम्बुलेन्स के मैन शीशे पर गिरने से शीशा क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस जाब्ता द्वारा अपनी सूझबूझ व सजगता से अपना बचाव करते हुए एम्बुलेन्स चालक नाकाबन्दी तोडकर भागने पर जिसका निरन्तर सरकारी वाहनों से पीछा कर सरहद कोसरिया में एम्बुलेंस को रुकवाया तो एम्बुलेंस में सवार चालक व खलासी एम्बुलेंस को छोडकर भागने लगे जिस पर चालक भोमाराम पुत्र रूखाराम जाति जाट उम्र 29 साल निवासी जाखडो की ढाणी, सनावडा पुलिस थाना सदर जिला बाडमेर को दस्तयाब किया गया। एम्बुलेंस में अवैध डोडा पोस्त भरा हुआ होना बताया। एम्बुलेंस में 33 काले रंग के प्लास्टिक कट्टों में भरे कुल 679.655 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त सहित तस्करी में प्रयुक्त वाहन एम्बुलेंस को बरामद किया।

# फायरिंग करने का मुख्य आरोपी पकड़ा

**राजगढ़।** अलवर मार्ग पर रेलवे अंडरपास गेट नंबर 138 के पास 24 अक्टूबर को रात्रि लोहा व्यापारी की कार पर फायरिंग कर जान से मारने व लूटपाट के इरादे को लेकर फायरिंग के शातिर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शातिर आरोपी महुआ थाने का हिस्ट्रीशीटर है।

गिरफ्तार आरोपी भगवान सहाय मीणा उर्फ काडू 27 वर्ष पुत्र दिलीप सिंह निवासी महुआ थाने का हिस्ट्रीशीटर है। शातिर बदमाश के विरुद्ध खेड़ली, मंडावर, जयपुर, भुसावर, अलवर सहित अन्य था नों में 26 गंभीर मामले दर्ज हैं। एडिशनल एसपी प्रियंका ने बताया कि महानिरीक्षक अजय पाल लांबा एवं संजीव नेन जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उप अधीक्षक मनीषा मीणा की मार्गदर्शन में वारदात के बाद टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लाते समय


राजगढ़ में फायरिंग करने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

टॉयलेट के बहाने फरार होने का असफल प्रयास किया,इस दौरान पहाड़ी पर भागते समय उसके पैरों में चोट आई। आरोपी गैंग का सरगना है जिसे कड़ी पूछताछ की जा रही है। विदित रहे कि लोहा व्यापारी हरिशंकर गुप्ता निवासी राजगढ़

■ जान से मारने व लूटपाट के इरादे से की थी फायरिंग

एवं चालक महेंद्र मीणा को गोदाम से आते समय बदमाशों ने कार पर फायरिंग की एवं व्यापारी को जान से मारने को लेकर चलाई गोली चालक के लग गई।

इसमें चालक महेंद्र मीणा को गंभीर हालत में राजगढ़ से अलवर रैफर कर दिया।इसमें साइबर सेल एवं आने तकनीकी अनुसंधान की कुशलकार्मिकों की टीम बनाई गई,इसके बाद आरोपी को पकड़ने मेंकामयाबी मिली।इस टीम में थानागाजी एवं लक्ष्मणगढ़ के पुलिस उपाधीक्षक एवं अन्य दर्जन पर अधिकारी कर्मचारी ने कडी मसस्कत की। सुंदर सोमवार को आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे रिमाड पर भेज दिया।

## डीएलएड पूरक परीक्षा की तिथियों में बदलाव

**बीकानेर।** पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर की ओर से 25 अक्टूबर से शुरू हुई डीएलएड पूरक परीक्षा- 2023 की तिथियों में बदलाव किया गया है। दीपावली पर्व के कारण 29 अक्टूबर और 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाली सैद्धांतिक एवं क्रियात्मक पूरक परीक्षा अब 5 नवंबर 6 नवंबर को आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर के पंजीयक नरेंद्र कुमार सोनी ने इस संबंध में संशोधित आदेश जारी किए हैं। विदित रहे कि पूर्व में पूरक परिचय 30 अक्टूबर तक आयोजित होनी थी। लेकिन अब परीक्षाओं का समापन 6 नवंबर को होगा। परीक्षा की तिथियों में संशोधन किया गया है।

# बायोपार्क के रेस्क्यू सेंटर में इलाज के दौरान दो पैंथर की मौत

**उदयपुर,** (का.सं.)। आदमखोर पैंथर के खौफ से चर्चा में आये उदयपुर में पिछले 20 दिनों में 4 पैंथर की मौत भी हो चुकी है। दो पैंथर इलाज के दौरान रेस्कयू सेंटर पर मर गए। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक पैंथर को गोली मारी गई। वहीं एक पैंथर को लोगों ने मार दिया।

उदयपुर के गोगुंदा और झाड़ोल में पैंथर10 लोगों का शिकार कर चुका है। वहीं 20 दिनों में चार पैंथर की भी मौत हो चुकी है। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक पैंथर को गोली मारी गई। वहीं एक पैंथर को लोगों ने मार दिया। दो पैंथर इलाज के दौरान रेस्कयू सेंटर पर मर गए। दरअसल गोगुंदा और झाड़ोल में पैंथर द्वारा लगातार हमले के बाद वन विभाग ने बाहर से टीमें बुलाकर गोगुंदा और बड़गांव से सटे जंगलों में डेरा डाल दिया था।इस दौरान 10 लोगों का शिकार करने के बाद विभाग ने पैंथर को गोली मारने का भी आदेश दिया था।

उदयपुर के वाइल्ड लाइफ विंग के डीएफओ डीके तिवारी ने बताया कि सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में वन विभाग का रेस्क्यू सेंटर है। सेंटर में आसपास के जिलों के प्रादेशिक वन मंडलों में कोई भी पैंथर घायल या बीमार हो तो उसे लाया जाता है। यहां डॉक्टर उनका इलाज करते है। उनका कहना है। घायल दोनों पैंथर की इलाज के दौरान ही मौत हो गई। उनकी मौत के बाद सरकारी नियमों के अनुसार उनका पोस्टमार्टम के बाद नियमानुसार अंतिम संस्कार किया गया। पूरी जानकारी भी आला अधिकारियों को भेजी जाती है।

इधर वन विभाग की टीम उदयपुर के पास लखावली गांव के पास से 21 अक्टूबर को पिंजरे में आए पैंथर को लेकर आए थे। 22 अक्टूबर की सुबह वह बायोलॉजिकल पार्क से पैंथर पिंजरे से भाग गया। वन विभाग ने वहां सर्च ऑपरेशन शुरू किया और पूरा बायो पार्क छान मारा लेकिन पैंथर कहीं नहीं दिखा और बायोपार्क में टूरिस्ट का प्रवेश बंद कर दिया था। वन विभाग को जब यह लगा कि पैंथर बायोपार्क में नहीं दिखा तो उसके बाद शनिवार को बायो पार्क टूरिस्ट के लिए खोला था। विभाग ने अब अंदेशा जताया कि पैंथर यहां नहीं दिखा तो अब वह सज्जनगढ़ अभयारण्य एरिया में चली गई है।


### कार्यालय नगर परिषद, केकड़ी - राजस्थान

Email ID – npkekri2011@gmail.com (O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : नपके/मानव संसाधन/2024–25/2693 दिनांक : 23.10.2024

**-: ई निविदा सूचना (11/2024–25) (NIB No. DLB2425A3598) :-**

एतत् द्वारा है कि नगरपालिका परिसर केकडी में पंजीकृत पंजीकृत एनजीओ/संस्था/फर्म/सप्लायर्स से पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई प्रोक्योरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। निविदा के कुल कार्य – 5 (पांच)

**UBN NO. - 1. DLB2425WSOB11288 , 2. DLB2425WSOB11289, 3. DLB2425WSOB11290, 4. DLB2425WSOB11291, 5. DLB2425WSOB11292**

सभापति
नगर परिषद केकड़ी

आयुक्त
नगर परिषद केकड़ी

राज.संवाद/सी/24/7087

### कार्यालय नगर निगम, पाली (राज.)

(लालबहादुर शास्त्री टाऊन हॉल, सुरजपोल के पास, पाली, पिनकोड – 306401)
(टेली–फैक्स : 02932–221301, ई–मेल : cmcpali@yahoo.co.in, वेब–साईट : www.mcpali.com)

क्रमांक : प.12 ( ) विकास/2024/08 दिनांक : 24.10.2024

**ई–निविदा सूचना संख्या 08/2024–25**

नगर निगम, पाली की ओर से स्वायत्त शासन विभाग/नगर निगम, पाली से पंजीकृत या अन्य विभागों में 'ए' अथवा "एए" श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से 08 कार्यो की (अनुमानित लागत रु. 49.94 लाख) ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। संवेदक दिनांक 25.10.2024 को प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 05.10.2024 को सांय 6.00 बजे तक ऑनलाईन निविदाऐं जमा करा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in से तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उक्त 08 कार्यो के यूबीएन संख्या निम्नानुसार है।

DLB2425WSOB11173 DLB2425WSOB11175 DLB2425WSOB11177
DLB2425WSOB11179 DLB2425WSOB11180 DLB2425WSOB11182
DLB2425WSOB11183 DLB2425WSOB11184

राज.संवाद/सी/24/7108

आयुक्त
नगर निगम, पाली

राजस्थान सरकार

### निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर

क्रमांक निदे/अ.ख.अ. नीलामी/निलामी (ERCC XV)/2024/ई-8881

**ई-नीलामी विज्ञप्ति संख्या-ERCC(XV/2024)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञप्ति से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारी लाईसेंसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क/अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 12 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

(भगवती प्रसाद) IAS
निदेशक

DIPR/C/10544/2024


# वेदी को लेकर मंदिर में ही लड़ने लगे जैन समाज के दो पक्ष

## मंदिर परिसर में दोनों पक्षों के बीच लात-घुंसे चले, जमकर हाथापाई भी हुई, मामला थाने पहुंचा

**कोटा,** (निसं)। अहिंसा का अनुसरण करने वाले ही अगर मारपीट पर उस जगह पर उतारू हो जाए जहां पर अहिंसा के प्रवचन दिए जाते हैं तो मुद्दा काफी गंभीर हो जाता है। कुंडी रिद्धि-सिद्धि नगर स्थित जैन मंदिर ऐसा नजारा रविवार की रात देखने को मिला। जहां पुरानी वेदी तोड़ने को लेकर विवाद गहरा गया। मंदिर परिसर में दोनों पक्षों के बीच लात-घुंसे चले, जमकर हाथापाई भी हुई। मामला इतना गहराया की थाने पहुंच गया।

दोनों पक्षों की तरफ से थाने पर शिकायत दी गई है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। रविवार देर रात तक पुलिस बल पर मंदिर पर तैनात रहा। कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि रिद्धि-सिद्धि नगर स्थित जैन मंदिर में पुरानी वेदी को हटाने को लेकर मंदिर ट्रस्ट और समिति के बीच में विवाद हुआ था। दोनों पक्ष के बीच मारपीट की शिकायत आई है। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

मंदिर ट्रस्टी राजकुमार सबदरा और अशोक हरसोरा ने शिकायत दी है कि मंदिर का शिलान्यास 2003 में हुआ और विधि-विधान से बनाया गया था। पूर्व से ही मामला वेदी को लेकर गहराया हुआ है। उसके बाद भी गुरु सेवा संघ ने मंदिर ट्रस्ट और समाजजनों की बिना सहमति के मंदिर की पुरानी वेदी को


मारपीट होने पर दोनों पक्षों की तरफ से थाने पर शिकायत दी गई है।

तोड़ना शुरू कर दिया। सूचना पर समाज के लोगों ने पहुंचकर विरोध किया तो उनके साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई। सचिन गोहिल, संदीप जैन, रोमिल जैन, प्रियंका जैन, अलका जैन और रोशन जैन तथा लाभचंद जैन घायल हुए हैं। वहीं समिति के पारस बज का कहना है कि समाज के अधिकतर लोग उनके पक्ष में हैं। मंदिर में बिना किसी तोड़फोड़ के ग्रेनाइट के ऊपर ही चांदी की वेदी लगाई जा रही है। पूर्व में जो काम हुए हैं उसे देखा जाए तो वेदी के नीचे जो स्थान है वह पूरी तरीके से पोला है।

मंदिर पर एक दो परिवार अपना एकाधिकार समझते हैं वे लोग ही ऐसा विवाद खड़ा कर रहे हैं। वही इस विवाद पर नजर रखने वाले समाज के व्यक्ति का कहना है कि समाज का आपसी विवाद बाहर आना समाज के लिए अच्छी बात नहीं है। समाज के सुनील जैन का कहना है कि जब से मंदिर स्थापित हुआ है सब कुछ अच्छा हो रहा है ऐसे में वेदी के साथ छेड़छाड़ करना उचित प्रतीत नहीं होता। ऊपर प्रतिमा स्थापित की जा रही है तो वहीं पर चांदी की वेदी भी बना दी जाऐं। कई बार महाराज श्री से भी इस विवाद में बीच का रास्ता निकालने के लिए प्रार्थना की जा चुकी है। परंतु ऐसा नहीं हो पाया और अब विवाद खुलकर लोगों के सामने आ गया है जो किसी भी स्थिति में समाज के लिए ठीक नहीं है। वहीं कोटा के रिद्धि-सिद्धि नगर स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में 27 अक्टूबर 2024 को श्रुत समाधान कार्यक्रम के दौरान हंगामे की घटना से सकल जैन समाज में रोष हैं। नदी पार सकल दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारियों ने हजारों की संख्या में एकत्रित होकर मौन जुलूस निकाला और अपना रोष प्रकट किया।

मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा ने बताया कि दोपहर 2.30 बजे जैन समाज हजारों लोग रिद्धि-सिद्धि जैन मंदिर में एकत्रित होकर, हाथों पर काली पट्टी बांध कर, कतारबद्ध होते हुए मंदिर से कुन्हाडी थाने पहुंचे और गुरूदेव संत आदित्य सागर महाराज से अभद्रता के खिलाफ ज्ञापन सौपकर शीघ्र कार्रवाही की मांग की। सचिव पंकज खटोड़ ने बताया कि जूलूस में बच्चों से लेकर महिलाएं, बुजुर्ग, युवा व जैन समाज के हजारों लोग शामिल रहे। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष टीकम पाटनी व मंत्री पारस बज आदित्य ने बताया कि जैन समाज के प्रतिष्ठित संत आदित्य सागर महाराज की आरती के समय रविवार सांय कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मंच पर बैठे महाराज पिच्छी, कमण्डल छीनने की कोशिश और अपशब्द कहे। इस घटना के समय मंदिर में उपस्थित समाज के लोगों और महिलाओं ने इन व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया, जिसके बावजूद उन्होंने समाज के लोगों के साथ धक्का-मुक्की और दुर्व्यवहार किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि ट्रस्टी राजकुमार सबदरा और उनके साथियों द्वारा यह उपद्रव किया गया।

जैन समाज के प्रतिनिधियों ने इस संबंध में प्रशासन से मांग की है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और भविष्य में धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पारस बज आदित्य, संजय व पारस लुहाडियो ने बताया कि ज्ञापन में ट्रस्टी राजकुमार सबदरा, सुरेश गोहिल्या, अशोक टंच, लाभचंद सोगानी तथा राजकुमार सबदरा के पुत्र अनिकेट सबदरा व सुरेश गोहिल्या का पुत्र सचिन गोहिल्य, रोमिल जैन पर कठोर कार्यवाही की मांग कही है। ज्ञापन सौपते समय जिनेन्द्र, टीकम चंद पाटनी, मंत्री पारस बज आदित्य, कोषाध्यक्ष निर्मल अजमेरा, राजेन्द्र गोधा, सचिव पंकज खटोड़, कोषाध्यक्ष ताराचंद बडला, पारस लुहाड़िया, राजकुमार पाटनी, संजय लुहाड़िया, पारस कासलीवाल, विनोद सारसोप, पुष्प लुहाड़िया, राजकुमार पाटनी, दीपक नान्ता, पीयूष बज, दीपांशु जैन, राजकुमार बाकलीवाल, जम्बू बज, महेंद्र गोधा, पदम बाकलीवाल, अशोक पापड़ीवाल सहित हजारों महिला व पुरूष भारी संख्या में कुन्हाड़ी पुलिस थाने पर एकत्रित हुऐं।

जैन समाज के चतुर्मास समिति और श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर समिति और कुन्हाडी सकल जैन समाज के लोगों ने मिलकर थाना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और उपद्रवियों की गिरफ्तारी की मांग की। समाज ने यह भी अनुरोध किया कि महाराज के चतुर्मास और आगामी पंचकल्याणक महोत्सव के आयोजन में बाधा उत्पन्न करने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को सख्ती से रोका जाए। मौन जुलूस में बच्चों से लेकर बुजुर्गो ने उपस्थित होकर गुरू के अपमान का असहनीय बताया। संजय लुहाड़िया ने मंदिर परिसर में अनशन पर बैठकर न्याय की मांग कर रहे है। समिति का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।


### OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD, DEOGARH

Tel. No. 02904-252039 E-mail Id-EODEOGARH.LSG@RAJASTHAN.GOV.IN

S.No. F ( )/MBD/Engg./E-NIB/11/2024-25/2237 Date :- 25.10.2024

**Notice Inviting BID**
**NIB No 11/2024-25**

नगर पालिका देवगढ द्वारा निम्नांकित विकास कार्यो हेतु केन्द्र व राज्य सरकार के विभागो व अधिकृत संगठनो व स्वायत शासी संस्थाओ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से इलेक्ट्रोनिक फारमेन्ट में आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in or http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB CODE :- DLB2425A3578
UBN No :- DLB2425WSOB11260

महत्वपूर्ण तिथिया

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 01 |
| निविदा की अनुमानित लागत | 15.00 लाख |
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 28.10.2024 04:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 28.10.2024 04:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 12.11.2024 06:00 PM तक |
| भौतिक रूप से डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने की तिथि | 13.11.2024 11:00 AM तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 13.11.2024 12:00 PM से |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |

राज.संवाद/सी/24/7058

अध्यक्ष
नगर पालिका देवगढ़

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका देवगढ़

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-सपोटरा

क्रमांक-3018-26 दिनांक- 22.10.2024

**निविदा सूचना संख्या-12/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों/फर्मो एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के एए ए बी सी डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। अल्पकालीन निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | UBN NO. | NIB NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | Consulatancy Work for Prepartion of Detailed Project Report (DPR) For Construction of High level Bridge on Salampur to Baloti-Dabra-Shekhpura-Gothra-Varwasan Devi-Naroli-Kaladevi Road at Varwasan Devi With SBC Tests, Hydraulic Design and Drawing and DPR of 5.50 Mt Wide Road (30.00Km) With Hydraulic Design and Drawing of CD Works including Forest Clearance. | PWD2425SLOB08731 | WD2425A2368 |

DIPR/C/10509/2024

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सपोटरा

# काजल कंवर व शैलजा राठौड स्टेट चैप्टर की विजेता बनी



राज्य स्तरीय इंटैक हैरिटेज क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन मेहरानगढ़ दुर्ग के चैकेलाव महल में हुआ।

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति विरासत न्यास 'इंटैक' राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित ''राज्य स्तरीय इंटैक हैरिटेज क्वीज प्रतियोगिता में बीकानेर चैप्टर की महारानी किशोरी देवी गर्ल्स स्कूल की काजल कंवर शेखावत व शैलजा राठौड राजस्थान चैप्टर की विजेता बनी व बाड़मेर चैप्टर के महात्मा गांधी स्कूल बालोतरा के राहुल गुजरवाल व रविन्द्र सिंह प्रथम रनर अप रहे।

इंटैक जोधपुर चैप्टर के संयोजक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने बताया कि राज्य स्तरीय इंटैक हैरिटेज क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन मेहरानगढ़ दुर्ग के चैकेलाव महल में सोमवार प्रातः 11 से किया गया।

प्रतियोगिता में अजमेर, अलवर, ब्यावर, जोधपुर, बाडमेर, सिरोही, उदयपुर व बीकानेर जिले के क्षेत्रीय विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया।

छह सत्रों में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत व राजस्थान के इतिहास, कला, संस्कृति व सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गये। अंतिम राउण्ड में बीकानेर चैप्टर की महारानी किशोरी देवी गर्ल्स स्कूल की काजल कंवर शेखावत व शैलजा राठौड को राजस्थान चैप्टर का विजेता घोषित किया गया। बाडमेर चैप्टर के महात्मा गांधी राजकीय स्कूल बालोतरा के राहुल गुजरवाल व रविन्द्रसिंह प्रथम रनर अप रहे और ब्यावर चैप्टर की सैण्ट्रल एकेडमी स्कूल की सेजल सांखला व सिमरनप्रीतसिंह द्वितीय रनर अप रहे। प्रथम व रनर अप रहे प्रतिभागियों को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. एस.सी. माथुर, मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के सुरक्षा हेड किशनवीरसिंह राठौड, इण्टैक जोधपुर चैप्टर के संयोजक डॉ. महेन्द्र सिंह तंवर एवं सह-संयोजक भागीरथ वैष्णव द्वारा प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किये गये।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में इंटैक जोधपुर चैप्टर के संयोजक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने सभी प्रतिभागियों एवं उनके साथ पधारे अध्यापकों एवं अभिभावकों का स्वागत किया और इंटैक द्वारा किये जा रहे कार्यों से एवं हमारी अनमोल विरासतों के बारे में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के अतिथि जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. एस.सी. माथुर ने मेहरानगढ की पहाडियों में स्थित जियो साइट्स/वेल्डेड टफ की महत्त्वपूर्ण जानकारियों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यहां स्थित ज्वालामुखीय चट्टाने विश्व में सबसे बडे मालानी आग्नेय चट्टानों का भू-भाग है जिसका विस्तार विश्व में 51000 वर्ग किमी क्षेत्र जैसे पश्चिमी राजस्थान, पाकिस्तान, सेसल्स, मेडागास्कर, पूर्वी अफ्रीका एवं ओमान जो पृथ्वी के सबसे प्राचीन सुपर महाद्वीप 'रोडेनिया' के भाग थे। यहां की अवसादी चट्टानों में संरचनाओं का खजाना एवं ईण्डियाकार जिवाष्म बताता है कि कालान्तर में मारवाड समुद्र का विस्तार भू-हेरिटेज के रूप में था। ये सभी विशेषताएँ मेहरानगढ पहाडी पर होने से इसका स्थान विश्व में बहुत महत्त्वपूर्ण है।

क्वीज एवं कार्यक्रम का संचालन इण्टैक महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती कल्पना चांपावत ने बहुत ही रोचकता के साथ किया। इण्टैक के सह-संयोजक भागीरथ वैष्णव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों को इतिहास, साहित्य, संस्कृति, स्थापत्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में डॉ. विमलेश राठौड, महेश व्यास, विरेन्द्रसिंह, इन्द्रजीत शर्मा, प्रमोदसिंह भाटी ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। राजस्थान चैप्टर की विजेता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## सामूहिक विवाह समारोह की पत्रिका जारी

**जोधपुर**, ( कासं )। श्री समस्त पीपा क्षेत्रिय समाज के 21 वे सामूहिक विवाह के पत्रिका का विमोचन ट्रस्ट सुभाष चौक रातानाडा जोधपुर के प्रांगण में समाज अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा व कार्यकारिणी सदस्य के द्वारा किया गया !

ट्रस्ट सचिव नरेश सोलंकी ने बताया की 21 वे सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 12 नवंबर मंगलवार कार्तिक सुदी ग्यारस तुलसा ग्यारस को राधाकृष्णन पुरम योजना प्रशासनिक भवन के सामने लहरिया रिसोर्ट के पास आयोजित होगा। इस बार 34 जोड़ो का पंजीयन हुआ है। उप सचिव अनोपचाँद चवाड़ा ने बताया इस अवसर पर तुलसी विवाह आयोजित किया जायेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल गोयल ने बताया आज भगवान गणेश व शालिठाम को निमंत्रण दिया गया। उपाध्यक्ष लिखमाराम परिहार ने बताया सम्पूर्ण सामूहिक विवाह दिन में आयोजित किये जायेंगे। कोषाध्यक्ष इंद्रमल गोयल व उप कोषाध्यक्ष प्रेम कुमार चौहान ने बताया कि सम्पूर्ण सामूहिक विवाह का आयोजन का व्यय समाज द्वारा वहन किया जाता है। इससे समाज में विवाह समारोह में अनावश्यक व्यय से बचने का संदेश समाज में पहुंचता है। सामूहिक विवाह के पत्रिका विवोचन में कार्यकारिणी सदस्य अजाराम टाक, मोहनलाल सोलंकी, दिलीप सोलंकी, नरेंद्र कुमार सोलंकी, दुर्गा राम पवार, सियाराम तवर, गजेंद्र चौहान, पृथ्वी राज चौहान आदि उपस्थित रहे।

# मेघवाल समाज ने 250 प्रतिभाओं का सम्मान किया




भीनमाल में मेघवाल समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ( मध्य ) ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। केंद्रीय विधि और न्याय एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एवं राज्य की सार्वजनिक निर्माण विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने सोमवार को भीनमाल शहर के तलबी रोड स्थित लुम्बनाथ महाराज धूणा पर आयोजित मेघवाल समाज प्रतिभा सम्मान समारोह-2024 में शिरकत की।

मेघवाल समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि उन्हें आज लुम्बनाथ महाराज की तपोस्थली पर आने का और समाधि पर दर्शन करने का अवसर मिला है। उन्होंने संतों एवं महापुरुषों द्वारा कही गई बातों को भजन की पंक्तियों के माध्यम से बताते हुए उनकी बातों के माध्यम से अपने जीवन को सार्थक बनाने और उनके आदर्शों व गुणों को जीवन में उतारने की बात कही। उन्होंने प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की बात कहते हुए संत रविदास महाराज, कबीरदास, लोक देवता बाबा रामदेव व भीमराव अंबेडकर के आदर्श एवं गुणों को जीवन में उतारकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने समाज के उत्थान में महिला शिक्षा को आवश्यक बताते हुए महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज व देश का नाम रोशन करने की बात कही। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कार्यक्रम में मेघवाल समाज की 250 प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

इस दौरान भीनमाल प्रधान किरण भारतीय, भंवरलाल मेघवाल सहित मेघवाल समाज के गणमान्य नागरिक सहित प्रतिभावान विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

# उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल का वार्षिकोत्सव आयोजित




ओसियां तहसील के गांव तिंवरी में उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल का वार्षिकोत्सव समारोह हुआ।

**जोधपुर**, ( नि.सं. )। ओसियां तहसील के गांव तिंवरी में स्थित उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल का वार्षिकोत्सव समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। समारोह में गणमान्य नागरिक व अभिभावक उपस्थित थे। स्वामी रामप्रसाद महाराज के सानिध्य में सम्पन्न इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी व उद्यमी सुरेश राठी व समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी व उद्यमी ओमप्रकाश सोनी ने की।

समारोह में उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक व निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत, सह-संस्थापक तरूण गहलोत एवं उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल परिवार द्वारा उपस्थित सभी जनों का अभिवादन एवं अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। गौरतलब है कि उत्कर्ष रामस्नेही गुरुकुल में विद्यापीठ आश्रम माध्यमिक विद्यालय का संचालन किया जाता है जहाँ माध्यमिक स्तर तक के छात्रों को उच्च स्तरीय निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

सुरेश राठी ने गुरुकुल के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुकुल की भूमि सिर्फ शिक्षा का स्थान नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण व्यक्तित्व प्रदान करने की एक ऐसी पाठशाला है जहाँ प्राचीन भारतीय व आधुनिक शिक्षा पद्धति से विद्यार्थी का अध्यात्म और संस्कारी परिवेश में पूर्ण विकास होता है। जरूरतमंद होनहार विद्यार्थियों को गुरुकुल जैसे संस्थान में निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उन्होंने उत्कर्ष क्लासेस तथा स्वामी रामप्रसाद जी महाराज के प्रयासों की सराहना की। समाजसेवी ओमप्रकाश सोनी ने विद्यार्थियों को गुरुकुल की शिक्षा व आदर्शों को जीवन भर संजोए रखने के लिए प्रेरित किया। स्वामी रामप्रसाद महाराज ने अपने उद्बोधन के साथ ही विभिन्न खेल कुश्ती, शतरंज, योग राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर में चयन हुआ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

डॉ. निर्मल गहलोत ने गुरुकुल के वार्षिकोत्सव को सफल बनाने के लिए अतिथियों, विद्यार्थियों सहित उपस्थित सभी जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

समारोह में विद्यार्थियों ने प्रेरक व देशभक्ति कविताओं एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों से उपस्थित जनों का मन मोहा। प्यारा हिन्दुस्तान, बातों से ना बात बनेगी, इत्यादि कविताओं के अलावा राम सीया राम नृत्य, मरुधरिया धोरां में चाले ऊँट गाडो नृत्य, बता मेरे यार सुदामा गीत तथा मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने वर्तमान परिदृश्य की झलक पेश की।

## महिला अधिवक्ता के मकान में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के पावटा सी रोड पर रहने वाली महिला अधिवक्ता के मकान में चोरी हो गई। घर 28 सितंबर से 19 अक्टूबर के बीच सूना था और देखभाल के पड़ौसी को भळावन दे रखी थी। चोरी बाबत पड़ौसी महिला को पूछा तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। महामंदिर थाना पुलिस ने बताया कि मूलतः बीकानेर जिले के आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के सामने हाल पावटा सी रोड पर रहने वाली महिला अधिवक्ता जयश्री शर्मा पुत्री द्वारका प्रसाद ने यह रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि वह राजस्था उच्च न्यायालय जोधपुर में अधिवक्ता है।

28 सितंबर को वह दिल्ली जाने के लिए ऑनलाइन एप रेपिडो से समय शाम 5.57 बजे अपने निवास स्थान से रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक ऑटो बुक किया था। उन्होंने घर को ताला लगाकर एवं ऑटो वाले के सामने लॉक किया था। बाद में रेपिडों ऑटो वाले ने मुझे रेल्वे स्टेशन पर छोड़ा था। 4 अक्टूबर को मेरी मित्र सुमन घर पर ग्राउण्ड फ्लोर में बने रूम में रहने के लिए अपने भाई राजेश व अपने मौसेरे भाई के साथ आई और उसी दिन वह वापिस चली गई। जयश्री शर्मा ने बताया कि वह 19 अक्टूबर को दिल्ली से वापिस आई और 21 को रूम में बॉलड्रोप में देखा तो गहने और नगदी गायब मिले। उन्होंने अपनी मित्र सुमन व उसके भाई से पूछा तो उन्होंने बताया कि हमने तो केवल आपके रूम की सफाई की थी। रूम खुला हुआ था और अलमारियाँ खाली थी। ज्वैलरी के खाली डिब्बे बिखरे हुए पड़े थे। अलमारी में डिब्बे व सामान व्यवस्थित कर दिया। हमें नहीं पता था कि घर में चोरी हुई है। पूछा कि बाहर मुख्य द्वार का कुंडा टूटा है, जिस पर ताला लगा हुआ है फिर भी आपने मुझे फोन करके नहीं बताया तो मेरी मित्र चुप रही।

# बच्चों ने दीपोत्सव मनाया



जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती इंटरनेशनल स्कूल में दीपोत्सव मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर के सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती इंटरनेशनल स्कूल में दीपोत्सव मनाया गया।

विद्यालय निदेशक मधुबाला भाटी ने बताया कि सर्वप्रथम क्लास प्ले ग्रुप और एल के जी के छात्रों ने लक्ष्मी वन्दना गायन करते हुए पूजा अर्चना की । विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक सुरेन्द्र नाग ने और विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कायक्रम को आगाज किया। निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम में क्लास प्ले ग्रुप से लेकर क्लास 9 तक के छात्रों ने बडे ही हर्षोल्लास के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया और अपनी अपनी क्लास के अनुसार सभी ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी । जिसमे प्ले ग्रुप से ममता मेडम , एल के जी हुस्नार मंडोरी , प्रथम से कृष्णा, द्वितीय से नेहा , तृतीय से आशा बाला, चतुर्थ से ज्योति , पांचवी से सुमन और 6 से साक्षी ने अपने अपने विद्यार्थीयो के द्वारा तैयार किए गए रंगोली और कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। दूसरी और क्लास 6 से 9 वी तक मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। जिसने क्लास 9 वी अंग्रेजी माध्यम और 8 वी अंग्रेजी माध्यम सयुक्त रूप से प्रथम स्थान ,8 वी हिंदी माध्यम द्वितीय स्थान ,6 वी हिंदी माध्यम तृतीय स्थान पर रहे। वही कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निदेशक मधु बाला भाटी ने सभी विद्यार्थियों को दिवाली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए ये प्रतिज्ञा दिलाई कि इस वर्ष हम चाइना उत्पाद बने पटाखे और वस्तु का बहिष्कार करते हुए भारतीय मिट्टी के दिए जलाकर अपना दीपोत्सव मनाएंगे ।

इस अवसर पर विद्यालय शारीरिक शिक्षक कृपा राम आर्य , विद्यालय शिक्षक कैलाश , हनुमान , चुन्नीलाल , तबस्सुम मेडम , अंकिता मेडम , गौरी मेडम और स्मिता मेडम उपस्थित रहे।

## धनतेरस आज

**जोधपुर**, (कासं)। कार्तिक अमावस्या को मनाई जाने वाली दीपावली की तारीख को लेकर संशय को लेकर जोधपुर के लोकप्रिय ज्योतिष कमलेश दवे ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए बताया कि हिन्दी पंचांग के अनुसार अमावस्या इस बार 31 अक्टूबर व 1 नवबर दोनों दिन रहेगी।

इस कारण देश सहित जोधपुर में असमंजस की स्थिति बन गई है कि दीपावली कब मनाई जाए। इसको लेकर शहर के ज्योतिषियों में मंथन चल रहा है। कई ज्योतिषियों का मानना है कि कार्तिक कृष्ण अमावस्या दीपावली 1 नवबर को मनाना श्रेष्ठ रहेगा। किला रोड महादेव अमरनाथ के पं कमलेशकुमार दवे के अनुसार ज्योतिष ग्रन्थों के अनुसार प्रतिपदा के संयोग वाली अमावस्या सुखदायी है, इसलिए 1 नवबर को दीपावली मनाना शास्त्र समत रहेगा। इस वर्ष अमावस्या 31 अक्टूबर गुरुवार को अपरान्ह 3.53 बजे से शुरू होगी, जो 1 नवबर शुक्रवार को शाम 6.17 बजे समाप्त होगी, इस दिन सूर्यास्त शाम 5.52 बजे होगा। अर्थात सूर्यास्त के 25 मिनट बाद तक अमावस्या रहेगी। शास्त्रों के अनुसार 1 घटी अर्थात 24 मिनट तक सूर्यास्त के बाद अमावस्या हो, और उस दिन प्रतिपदा हो तो, 1 नवबर को दीपावली मनाना शास्त्र समत माना जाता है। दवे ने बताया कि इस बार धनतेरस 29 नवम्बर को मनायी जाएगी।

## डॉ.कृति को अवार्ड

**जोधपुर**, (कासं)। सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ.कृति भारती को बाल विवाह निरस्त एवं रोकथाम की साहसिक मुहिम के लिए जैविक भारत मिशन के तत्वावधान में नई दिल्ली में प्रतिष्ठित जस्टिस डी.एस.तेवतिया स्मृति नेशनल अवार्ड से नवाजा गया। राजस्थान से एकमात्र वर्ल्ड टॉप टेन चाइल्ड एंड ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट व एडवोकेट डॉ.कृति भारती को अवॉर्ड दिया गया। डॉ.कृति के व्यस्त होने के कारण से अंतराष्ट्रीय लेखिका गीतांजलि कृष्णा ने अवार्ड प्राप्त किया। इस मौके पर कई नामचीन शख्सियतें मौजूद थीं।

# प्रतिभा सम्मान समारोह के लिए आवेदन मांगे

**बालोतरा**, (कासं)। -माली समाज बालोतरा द्वारा दिनांक 15 नवंबर 2024 को माली समाज के 84 खेडा की प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रहा है। वांछित योग्यता रखने वाले छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

यह समारोह शिक्षा खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है ।माली सैनी अधिकारी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश पंवार ने बताया कि आवेदन की शर्तें निम्न अनुसार होंगी। शैक्षिक सत्र 2023-24 में आयोजित परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए है इसमें कक्षा 5 एवं 8 में ए ग्रेड प्राप्तांक, कक्षा 10 एवं 12 में 75 प्रतिशत प्राप्तांक, स्नातक अधिस्नातक में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण, खेलकूद में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के प्रतिभागी आवेदन के पात्र हैं।

## ई-नीलामी आज

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के नेतृत्व में प्राधिकरण ने दीपावली मेगा ई-ऑक्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत विवेक विहार आवासीय योजना के भूखंडों की ई-नीलामी के क्रम में मंगलवार को सेक्टर डी के भूखण्ड संख्या 658, 706, 707, 730 व 731 की नीलामी होगी। प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि सोमवार को विवेक विहार आवासीय योजना के सेक्टर सी एवं डी के 5 भूखंडों को नीलामी के जरिये विक्रय किया गया।

# मिलावट के संदेह पर 1600 किलो मावा व 200 किलो रसगुल्ले जब्त

**पाली**,(नि.सं.)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने सोमवार को मिलावट के संदेह पर बीकानेर से आ रही बस से 1600 किलोग्राम मावा व 200 किलोग्राम रसगुल्ले जब्त सेंपल लेकर कार्यवाही को अंजाम दिया है।

सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले, इसके लिए प्रदेश भर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सतर्क है।

उन्होंने बताया कि मिलावट खोरों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान और जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देश पर पाली सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आनंद कुमार व भूराराम मय टीम ने सोमवार को सुबह बीकानेर से पाली आ रही निजी बस को पाली शहर के सूरजपोल पर रूकवाया गया तथा बस में बीकानेर से पाली शहर में सप्लाई के लिए भेजे गए 150 लोहे के पीपों में भरा 1600 किलोग्राम मावा व 200 किलोग्राम रसगुल्ले को मिलावट के संदेह पर जब्त कर 6 सैंपल लिया गया।

ये मावा पाली शहर में संचालित हो रहे बीकानेर मावा भंडार मिलगेट, चौधरी मावा भंडार बस स्टैंड, राजपुरोहित मावा भंडार पुराना बस स्टैंड, महावीर मावा भंडार पुराना बस स्टैंड, माजीसा मावा भंडार इन्द्रा कॉलोनी तथा महादेव मावा भंडार नाडी मोहल्ला पाली की दुकानों में सप्लाई किया जाना था।

चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने मौके पर ही इन सभी व्यापारियों को मौके पर बुलाया गया तथा मावे व रसगुल्ले का सेंपल लिया गया।

इन खाद्य पदार्थो के नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट में मिलावट पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने बताया कि दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# गणपतसिंह हत्या मामले में धरना स्थगित, गर्ग ने समझाइश की

**जालोर**, (कासं)। जिले के रामसीन थाना क्षेत्र अंतर्गत मांडोली में दो माह पूर्व युवक गणपतसिंह की हत्या का खुलासा पुलिस द्वारा नही करने से कलैक्ट्रेट के निकट कार्मिक अनशन व धरना प्रदर्शन लगातार सोमवार को बारहवे दिन भी जारी रहा। सोमवार को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने धरना स्थल पहुंचकर हत्याकाण्ड का अनुसंधान बदलने तथा आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

मांडोली निवासी गणपतसिंह जो किराना व्यवसायी की निर्मम हत्या के बाद से परिजन न्याय के लिए संघर्षरत है। विगत दो माह से परिजन राजपूत समाज और 36 कौम के लोग हत्या के खुलासे के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पहले विभिन्न माध्यम से थाना ब्लॉक जिला और प्रदेश स्तर तक ज्ञापन दिए गए तथा रामसीन में सर्व समाज का धरणा भी हुआ। विगत दिनों जिला मुख्यालय पर भारी संख्या में प्रदर्शन के बाद कार्मिक अनशन प्रारंभ हो गया था। लगातार 12 दिन तक चल रहे अनशन पर क्षेत्र के अलग-अलग गांव से बडी संख्या में ग्रामीण आकर प्रत्येक दिन प्रशासन व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप रहे थे। सोमवार को जालोर विधायक और राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक सचेतक जोगेश्वर गर्ग धरना स्थल पर पहुंचे और परिजनों व राजपूत समाज के मुख्य लोगों से दीपावली महोत्सव को देखकर धरना स्थगित करने का आग्रह किया। राजपूत समाज के गणमान्य लोगों ने विधायक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व आयुक्त धनाराम पुरोहित, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्रसिंह बालावत, दीपसिंह धनानी, सरपंच संघ अध्यक्ष भंवरसिंह बालावत और प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में वार्ता की। परिजनों की मांग अनुसार जांच अधिकारी बदलने तथा शुरुआती दौर में रामसीन थाना द्वारा हुई लापरवाही में लिफ्त अधिकारी व कार्मिकों को हटाने पर सहमति के बाद कुछ दिनों के लिए दीपावली त्यौहार को देखकर धरना स्थगित किया गया। सोमवार को पूर्व आईएएस गंगासिंह परमार सुरेंद्रसिंह, रतनसिंह, नरपतसिंह, ईश्वरसिंह, गणपतसिंह, चंदनसिंह, उम्मेदसिंह, सुरेश सोलंकी, बद्रीदान, जबरसिंह, पदमसिंह, भूरसिंह, शंभूसिंह और विक्रमसिंह सहित राजपूत समाज के लोगों और स्व. गणपतसिंह के परिजनों से जालेर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासन ने भी आकर समझाइश कर उचित समाधान का आश्वासन दिया। सभी द्वारा हुई सकारात्मक समझाइए और आश्वासन के बाद परिजनों व राजपूत समाज सहित 36 कौम के लोगों ने आगामी दीपावली के त्यौहार की श्रृंखला को देखकर कुछ दिनों के लिए धरना स्थगित किया है। धरना स्थल पर दिए ज्ञापन अनुसार यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो बडे स्तर पर पुनः आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा। मृतक के भाई अभयसिंह राजेंद्रसिंह सहित परिजनो ने बताया कि प्रकरण को लेकर पूर्व विधायक रानीवाडा नारायणसिंह, भीनमाल विधायक समरजीतसिंह सहित सभी जनप्रतिनिधियों और सहयोगी लोगों द्वारा उचित कार्रवाई हेतु सकारात्मक सहयोग किया जा रहा है। इसके लिए अस्थाई समझाइएश बनी है।

## आर.जे.एस. परीक्षा में अभिनंदन जैन को 29 वी रैंक

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। बाड़मेर निवासी अभिनंदन जैन ने राजस्थान सिविल न्यायाधीश सवर्ग प्रतियोगी परीक्षा 2024 में 29वीं रैंक हासिल की है स अभिनंदन आईपीएस जितेंन्द्र जैन एवं श्रीमती मंजू जैन के पुत्र है। उनके पिता जितेंन्द्र जैन पंजाब में पुलिस महा निदेशक के पद पर कार्यरत है।

अभिनंदन जैन ने अपनी पढ़ाई डी.ए.वी. स्कूल, लुधियाना, होली हार्ट स्कूल, श्री अमृतसर साहिब, सेंट जोसफ स्कूल, भटिंडा और सेंट जेवीयर स्कूल, भटिंडा, पंजाब से की है। उन्होंने 2015 में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद न्यायिक क्षेत्र में जाने का फैसला किया। उन्होंने अपनी बीएएलएलबी की डिठाी आरमी इंस्टियूट आफ लॉ, मोहाली, पंजाब से डिस्टिक्शन सहित 2020 में हासिल की। उन्होंने 2020 में ही बार कॉउन्सिल आफ पंजाब एवं हरियाणा में वकील के तौर पर नामंकन किया। वह कई सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के कानूनी सलाहकार भी रहे हैं।


**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगरपालिका बाली, तह.-बाली, जिला-पाली (राज.)**

क्रमांक / न.पा.बा / कृ.भू. / 2024-25 / 2477 दिनांक : 28.10.2024

**लोक सूचना**

श्रीमती पूनम पुत्री दलपत कुमार, श्री विशाल पुत्र दलपत कुमार, श्रीमती हेमलता पत्नि दलपत कुमार ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक फार्म हाउस प्रयोजन के उपयोग हेतु भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन करवा पट्टाविलेख के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदित स्थल निकाय के प्रचलित मास्टर प्लान में परिधी नियन्त्रण पट्टी में आरक्षित है।

अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| जिला- पाली तहसील-बाली | कोटबालीयान | 1062 | कुल रकबा 1.5200 हैक्टर | फार्म हाउस प्रयोजन |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पट्टाविलेख जारी करने पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

राज.संवाद / सी / 24 / 7102 प्राधिकारी अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी)

# जालोर में 11695 करोड़ के एम.ओ.यू. गर्व की बात : बिश्नोई

**जालोर**, (कासं)। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने कहा कि राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट कार्यक्रम विकसित भारत और विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान राज्य में निवेश बढ़े, बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ क्रियान्वित हो तथा राज्य का आधारभूत ढांचा मजबूत हो, इसके लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। प्रभारी मंत्री विश्नोई सोमवार को बिशनगढ़ रोड़ स्थित वतन रिसोर्ट में जिला प्रशासन, उद्योग एवं रीको के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे, लघु उद्योग भारती के दिनेश गोयल व ग्रेनाईट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश परमार सहित अतिथि मंचस्थ रहे।



जलोर जिले में बिशनगढ़ में जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट की अभिधारणा से भी उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा हैं तथा रोजगार का सृजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में रीप के माध्यम से जालोर जिले में 11695 करोड़ का एमओयू होना गर्व का विषय है। जालोर जिले में खनिज, ग्रेनाईट, टाईल उद्योग, पेट्रोल सहित पर्यटन के क्षेत्र में निवेश की भरपूर संभावनाएं है। सौर ऊर्जा के कारण वर्ष 2027 तक राज्य को बिजली खरीदनी नहीं पड़ेगी। उन्होंने निवेशकों को राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहयोग का विश्वास दिलवाया। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि जालोर जिले के उद्यमी विद्युत उपकरण व स्टील उद्योग सहित हर क्षेत्र में भारत ही नहीं अपितु विश्वभर में अपना परचम लहरा रहे है। जिले के प्रवासी उद्यमी अपने गृह जिले में निवेश करें, इसके लिए सरकार एवं प्रशासन निवेशकों का मान-सम्मानपूर्वक हरसंभव सहयोग करें।

आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित अपने उद्बोधन में कहा कि जालोर जिले में जीरा, ईसबगोल सहित एग्रो फूड प्रोडक्ट की प्रबल संभावनाएं हैं। इसलिए कृषि के क्षेत्र में उद्योग को बढ़ावा मिलने से जिले के युवाओं को रोजगार मिल सकेगा।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में किए गए एमओयू व औद्योगिक गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में लघु भारती के.के.जैथलिया, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, सीए मोहन पाराशर व सीए प्रवीण कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में अतिथियों ने प्रतीकात्मक रूप से निवेशकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों ने रीप-2024 के तहत निवेशकों के साथ एमओयू किए गए। इसी के साथ जिले में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट और औद्योगिक विकास से संबंधित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया तथा राइजिंग राजस्थान ब्रॉशर का विमोचन किया गया।

जालोर जिले में 146 निवेशकों द्वारा राशि रू. 11695 करोड के निवेश विभिन्न सेक्टरों में किये गये हैं। 20 एग्रो बेस्ड यूनिट के 200 करोड़, 30 ग्रेनाईट इकाईयों के 277 करोड, 28 सोलर इकाईयों के 5005 करोड, 13 रियल इस्टेट के 3528 करोड़, 11 होटल एवं रिसोर्ट के 340 करोड़, 6 स्थास्थ्य सेवाओं की इकाईयों के 410 करोड़ तथा 37 अन्य इकाईयों के 1936 करोड़ के एमओयू किए गए। प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई सहित अतिथियों ने आयोजन स्थल पर लगाई गई हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खेसला, मोजड़ी और जूतियों सहित विभिन्न विशिष्ट गतिविधियों की सराहना की।

इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक सुभाष गर्ग, पूर्व उप मंत्री भूपेन्द्र देवासी, दीपसिंह धनानी, पुखराज विराणा, उद्यमी पुष्पराज बोहरा, श्याम गोयल, मदनराज बोहरा, लालसिंह राजपुरोहित, हेमेन्द्र भण्डारी, भवानीसिंह धांधिया, दामोदर भूतड़ा, रमेश जैन, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, उद्यमी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, मीडियाकर्मी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मंच संचालन कन्हैयालाल खण्डेलवाल व विमला पुरी गोस्वामी ने किया।

## खेजड़ी वृक्षों की कटाई से रोष

**जोधपुर**, (कासं)। बीकानेर में सोलर प्लांट लगाने के लिए खेजड़ी वृक्षों की कटाई को लेकर विश्नोई समाज में गहरा आक्रोश है। विश्नोई समाज की आस्था और संस्कृति में खेजड़ी वृक्षों का विशेष स्थान है, और इनकी कटाई से समाज में रोष व्याप्त हो गया है। इस मुद्दे को लेकर रातानाडा स्थित विश्नोई धर्मशाला में समाज के प्रमुख लोगों और धर्म गुरुओं की उपस्थिति में एक विरोध सभा का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि आगामी माह में दस नवबर से भारतमाला कट के पास रासीसर नौखा पर छत्तीस कौम के साथ महापड़ाव डाला जाएगा जो मांगें नहीं माने जाने तक जारी रहेगा। इस सभा की अध्यक्षता विश्नोई धर्म के संत स्वामी भागीरथ दास शास्त्री ने की, जबकि उनके साथ रामाचार्य, लाला दास धावा भी शामिल थे। सभा में पर्यावरण प्रेमी परसराम, एसके विश्नोई, रामनिवास बुद्धनगर, रामपाल भवाद, नेताराम और भंवर लाल जैसे समाज के अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित रहे।

सभा में वक्ताओं ने खेजड़ी वृक्षों की कटाई पर चिंता व्यक्त की और इसे समाज की संस्कृति पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि खेजड़ी वृक्ष केवल पर्यावरण ही नहीं बल्कि विश्नोई समाज की पहचान का भी प्रतीक हैं। समाज ने प्रशासन से मांग की है कि खेजड़ी वृक्षों की कटाई तुरंत रोकी जाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता दिखाई जाए। विश्नोई समाज के सदस्यों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

विश्नोई धर्म के संतों ने कहा कि खेजड़ी वृक्षों की सुरक्षा के लिए समाज हर संभव प्रयास करेगा।

# व्यापारियों ने सफाई की


कैट जालोर व्यापार मंडल एवं एन.एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। कैट जालोर व्यापार मंडल एवं एन.एस. एस. स्वयंसेविकाओं रैली निकाल कर स्वच्छता एवं ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया। दीपावली स्वच्छता के साथ मनाएं हर व्यक्ति की जिम्मेदारी अपने आसपास रखे का संदेश लेकर साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया।

मेरी दिवाली भारत के साथ स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली विद माय भारत की प्रथम वर्षगांठ पर जालोर जिले में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया

मेरा भारत मेरी दिवाली कार्यक्रम के तहत कैट जिला अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल के द्वारा व्यापार मंडल संस्थान जालोर एवं राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर नगर परिषद तत्वाधान में स्वच्छता को लेकर शहर में जागरूकता अभियान एवं स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

मेरा भारत मेरी दिवाली इस गतिविधियों की पहचान त्यौहारी मौसम के लिए शहर को सुंदर एवं स्वच्छ सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की गई है ताकि इस दिवाली को सभी के लिए एक बेहतर अनुभव बनाया जा सके। साथ ही हम स्थानीय स्वयंसेव कों को समुदाय के जीवन से जोडते हैं।

शहर की साफ सफाई स्वच्छता को सुदृढ बनाना एवं हम अपने शहर एवं अपने मार्केट को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सबको प्रेरित करना एवं सभी व्यापारियों आम जन में जागरूकता लाना इस दीपावली के त्योहार पर हम सब मिलकर स्वच्छता के साथ एवं व्यवस्था के साथ इस पर्व को मनाएंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वय एवं प्रभारी डॉ. पिपाराम, राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने भी भाग लिया।

नगर परिषद के सुनील तेजी एवं हमारे शहर को स्वच्छ रखने वाले सफाई कर्मियों द्वारा भी सफाई अभियान में भाग लेकर बाजार में सफाई अभियान शुरू किया दीपावली को लेकर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कार्यक्रम में कैट जिला जालोर एवं जालोर व्यापार मंडल संस्थान के पदाधिकारी एवं नगर परिषद के सफाई कर्मी मौजूद रहे।

जालोर हरिदेव सर्कल जोशी से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें कैट जिला अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल, जालोर व्यापार मंडल संस्थान के संरक्षक शंकर सिंह बगैडयिा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष लालचंद सोलंकी, महामंत्री कमल अग्रवाल , कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह राजपुरोहित, राजकीय महिला महाविद्यालय छात्राओं एवं डॉ.पिपाराम उपस्थित रहे।

# जोगेश्वर गर्ग ने सांत्वना दी


उद्यमी विनित कुमार परमार के निधन पर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने श्रद्धांजलि दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने दिलीप सोलंकी की माता, पूर्व कर्मचारी नेता ईश्वरलाल शर्मा की माता, शेखर शर्मा की धर्मपत्नी के निधन व युवा उद्यमी विनीत परमार पुत्र सुरेंद्र परमार के वाहन दुर्घटना में निधन पर उनके घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके परिवारजनों को सांत्वना दी।

इस दौरान दीपसिंह धनानी, सुरेश सोलंकी, पुखराज राजपुरोहित, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, डिंपल सिंह, महेश भट्ट, रतन सुथार, दिनेश बारोट, मयंक देवड़ा, हेमेन्द्रसिंह बगेड़िया व नाथू सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

## अवैध शराब सहित दो जने गिरफ्तार

**रेवदर**, (निसं)। मंडार पुलिस ने सोमवार को दो लीटर अवैध हथकड शराब परिवहन करते पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, रेवदर पुलिस उप अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता के सुपरविजन में पुलिस मुख्यालय जयपुर व जिला पुलिस द्वारा कच्ची शराब के उत्पादन विक्रय परिवहन एवं मादक पदार्थों के परिवहन पर रोकथाम के विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना मंडार टीम ने सोमवार को गश्त के दौरान शरहद मौजा सोनेला में आरोपी दिनेश कुमार पुत्र रुपाराम कोली निवासी वरमान को अवैध हथकड शराब परिवहन करना पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक उदाराम विश्नोई , हेड कांस्टेबल कांतिलाल कांस्टेबल, नैनाराम, भंवरलाल शामिल थे।

# जीनगर समाज सेवा संस्था के पदाधिकारियों का स्वागत


जालोर में जीनगर समाज का सम्मान समारोह पिंटू कुमार सोलंकी की अध्यक्षता में हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (का.सं.)**। जालोर में श्री सादुलसिंहजी महाराज एवं शनि देव मंदिर प्रांगण में जीनगर समाज सेवा संस्था की नवीन कार्यकारिणी गठन के अवसर पर बैठक आयोजन हुआ। जिसमें बैठक में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया।

बैठक में समिति के कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्यों का सम्मान समारोह का आयोजन पिंटू कुमार सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

प्रप्त जानकारी के अनुसार कार्यकारिणी में अध्यक्ष रमेश कुमार बालोत, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सोलंकी, सचिव नरपतराज सोनगरा, संरक्षक पिंटू कुमार सोलंकी, कोषाध्यक्ष रंणजीत सोनगरा, संगठन मंत्री मनीष कुमार सोलंकी, सह कोषाध्यक्ष घेवरचंद सोलंकी, सदस्य पवन कुमार सोलंकी, नरपत चौहान, तरुण कुमार सोनगरा नियुक्त किया गया।

इस मौके पर नारायण सोलंकी, बाबूलाल, भंवरलाल चौहान, बाबूलाल सोलंकी, हरिराम राठौर, तेजाराम बालोत, जितेंद्र कुमार सोलंकी, रमेश चितारा, खुशाल बालोत, भरत गुजर, तेजाराम आसेरी, जयंतीलाल, ओम प्रकाश चौहान पोस्ट ऑफिस, ओम प्रकाश चौहान, संपत बोराणा, बाबूलाल सोलंकी, प्रभुराम सोलंकी, ललित चौहान, ललित बालोत, डूंगरम बालोत, मुकेश सोलंकी, पारसमल सोलंकी, हितेश सोलंकी, लोकेश सोलंकी, दिनेश कुमार सोलंकी, सुमेरमल परमार, किशनलाल सोलंकी, चंद्रप्रकाश बालोत, राजेंद्र गौतम कुमार, संजय कुमार, रमेश कुमार समेत बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

## भैंरूबाग जैन तीर्थ में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के सरदारपुरा सी रोड महावीर कॉम्पलैक्स के नजदीक आए भैरूबाग जैन तीर्थ में लाखों की चोरी हो गई। वहां काम करने वाले एक कर्मचारी पर संदेह जाहिर करते हुए मामला दर्ज करवाया गया है।

आरोपी घटना के बाद से ही फरार है। संदेह है कि ताला खोलकर वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी देख रही है। आरोपी पाली का है और उसकी तलाश में पुलिस की टीमों को लगाया गया है।

थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि भैरूबाग जैन तीर्थ स्थल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष खेमें का कुआं निवासी हरचंद सालेचा की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि तीर्थ स्थल पर पाली जिले के सीरियारी का रहने वाला रवि कुमार काम करता आ रहा था। मगर वह इन दिनों लापता हो गया। तीर्थ स्थल की अलमारी अथवा तिजौरी चेक करने पर पता लगा कि उसमें रखे भगवान का सोने का मुकुट, हार, सोने की एक -दो ठााम के सिक्कों के साथ 1.50 लाख की नगदी गायब है। उसका फोन भी बंद आ रहा है।

थानाधिकारी शेखावत ने बताया कि रवि कुमार को नामजद कर जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। सोना कितना था, इस बारे में पता लगाया जा रहा है, मगर नगदी डेढ़ लाख होना बताया गया है। सबे इंस्पेक्टर रीना कुमारी मामले में जांच कर रही है।

# विकास कार्यों को सकारात्मकता से क्रियांवित कर अमल में लाएं : बेनीवाल

**बालोतरा**, (निसं)। लोकसभा क्षेत्र बाडमेर-जैसलमेर के सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की अध्यक्षता में सोमवार को बालोतरा पंचायत समिति सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया।



बाड़मेर-जैसलमेर के सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ( मध्य ) की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक में बाड़मेर-जैसलमेर बालोतरा के सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन करने को कहा। इस दौरान राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्य म, जननी सुरक्षा योजना, निशुल्क दवा एवं जांच योजना, प्रधानमंत्री ग्राम स?क योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन समेत केंद्र सरकार की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई।

सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ आमजन को मिले। सभी विकास कार्यो को सकारात्मकता के साथ क्रियांविति कर अमल में लाया जाये। उन्होने सभी अधिकारियों से केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि का सदुपयोग करने एवं सकारात्मक उर्जा के साथ योजनाओं का सफलतापुर्वक ियान्वयन करने को कहा। उन्होंने अवैध कनेक्शन पर प्रभावी कार्यवाही करने के साथ ठकेदारों को पाबंद करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में पेयजल समस्या का स्थाई समाधान निकलने के लिए जलदाय विभाग और विद्युत विभाग को सामंजस्य के साथ कार्य करने को कहा।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जिले की 283 ग्राम पंचायतों में 20508 श्रमिक नियोजित है तथा 3752 कार्य प्रगतिरत है।

वर्ष 2023-24 में 01 से 08 दिन में 99.86 प्रतिशत श्रमिकों का भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2016-17 से 2020-21 में जिले के 9 ब्लॉक में 44144 नए आवास स्वीकृत किए गए, जिसमें प्रथम किश्त 44143 को, द्वितीय किश्त 44045 को तथा 43895 को तीसरी किश्त जारी कर दी गई है।

इस आवासों में 43930 आवास कार्य पूर्ण हो गया है।

बैठक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पर समीक्षा करते हुए बताया गया कि आर्थिक सामाजिक सर्वे 2011 में 158656 परिवारों को गैस कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

बैठक में बायतु विधायक हरीश चौधरी ने जनहित के विभिन्न मुद्दों पर बात रखी और जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उन्हें उपलब्ध करवाने के संबंध में विभागीय अधिकारियों एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ सामूहिक चर्चा की। उन्होंने बताया कि जनता की समस्याओं का एक तय समय सीमा में निस्तारण करना सरकार और हम सभी की नैतिक जवाबदारी और जिम्मेदारी है।

इस दौरान पचपदरा विधायक डॉ अरुण चौधरी, सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, जिला प्रमुख महेन्द्र चौधरी, समस्त प्रधान एवं मनोनीत सदस्यों के द्वारा अपने क्षेत्र में आ रही समस्याओं से अवगत करवाया। जिस पर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने अधिकरियों से योजनाओं की क्रियान्विति में आवश्यक संशोधन करने एवं सभी को लाभ मिले ऐसी व्यवस्था करने को कहा।

इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग संबंधी केन्द्र सरकार की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट से सदन को अवगत करवाया गया।

बैठक में जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव, उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान, समस्त जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारी समेत प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम क्षेत्र में 9 वाहन सीज

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिले में पर्यटन सीजन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियमों की अवहेलना करने पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

उपखंड अधिकारी पवनकुमार ने बताया कि गत दिनों जिला पर्यटन समिति की बैठक के दौरान जिले में विभिन्न पर्यटन गतिविधियों के विनियमन करने एवं नियमों की पालन नही करने पर अभियान चलाने के लिए जिला कलेक्टर प्रतापसिंह ने निर्देश प्रदान किए थे। जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग, परिवहन विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चला कर सम क्षेत्र में विभिन्न पर्यटन गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जीप सफारी एवं अन्य साहसिक गतिविधियों के लिए गैर वाणिज्यिक वाहनो का प्रयोग करने, वाहनों की फिटनेस और बीमा नहीं होने आदि की जांच की गई।

इस अभियान के दौरान नियमों की पालना नहीं करने पर 9 वाहन सीज किए गए एवं 16 वाहनों के चालान काटे गए। संयुक्त कार्यदल में उपखंड अधिकारी पवनकुमार, जिला परिवहन अधिकारी नितिन बोहरा, सहायक निदेशक पर्यटन के के पूनिया शामिल थे।

## वारंटी पकड़ा

**रेवदर**, (निसं)। मंडार पुलिस ने पिछले 9 वर्ष 2015 से फरार चल रहे वारंटी रेशमा राम पुत्र रावताराम जाती गरासिया निवासी सकराबेरी पुलिस थाना अमीरगढ जिला बनासकांठा गुजरात को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल गणेशाराम कांस्टेबल नारायण लाल ,हमीराम सोमाराम शामिल थे।

# पीपा महाराज के नाम सिलाई कला बोर्ड बनाने की मांग


जालोर में महिला एवं बाल कल्याण विभाग मंत्री मंजू बाघमार को भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री उर्मिला दर्जी ने पीपा महाराज के नाम से सिलाई बोर्ड गठन की मांग क ज्ञापन दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान सरकार में महिला एवं बाल कल्याण विभाग व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री मंजु बाघमार को जालोर पहुंचने पर भाजपा महिला मोर्चा जालोर जिला महामंत्री उर्मिला दर्जी ने संत पीपाजी महाराज की तस्वीर भेंट करके व माला पहनाकर स्वागत किया एवं संत पीपाजी महाराज के नाम सिलाई कला बोर्ड गठन के लिए ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज लंबे समय से परम्परागत व्यवसाय के रूप में सिलाई का कार्य करता आ रहा है, जो मानव सभ्यता और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह कला पीढ़ियों से दर्जी समाज के द्वारा संजोई और विकसित की गई है, जो न केवल वस्त्रों की आवश्यकता को पूरा करती है, बल्कि सौंदर्य के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभाती है। दर्जी समाज के सदस्यों ने मांग की है कि इस परंपरागत कला के संरक्षण और विकास के लिए संत पीपाजी के नाम से सिलाई कला बोर्ड का गठन किया जाए। इस बोर्ड के माध्यम से सिलाई कला को शैक्षणिक, आर्थिक, और प्रशासनिक स्तर पर प्रोत्साहन मिलेगा।समाज के प्रतिनिधियों का मानना है कि इस बोर्ड के गठन से दर्जी समाज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने का अवसर मिलेगा और उनकी कला को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, समाज को राजनैतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त होंगे। समाज की इस मांग को राजस्थान सरकार के समक्ष रखा गया है। मंजू बाघमार राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री से अनुशंसा करने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जालोर जिला महामंत्री उर्मिला दर्जी, हेमेंद्र भाटी,लेखराज, हिमांशु, कमलेश भाटी, सुरेश कुमार, प्रवीण कुमार, लीला देवी, हीरालाल भाटी, छोगाराम सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।



भारत के स्टार बल्लेबाजों ने पिछले कुछ वर्षों में टर्निंग पिचों पर खेलने से अपना आत्मविश्वास खो दिया है जिससे उनके घरेलू औसत में गिरावट आई है और उनके करियर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। **- हरभजन सिंह**

भारतीय गेंदबाज, भारतीय बल्लेबाजों के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## गैरी कर्स्टन



**पाकिस्तान** की सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ मतभेद पैदा होने के कारण अपनी नियुक्ति के छह महीने के अंदर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भारत की 2011 में वनडे विश्व कप की चैंपियन टीम के कोच रहे 56 वर्षीय कर्स्टन को पीसीबी ने इस साल अप्रैल के आखिर में मुख्य कोच नियुक्त किया था। पीसीबी ने एक्स पर लिखा, ''पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल के एक मैच में सर्वाधिक गोल का रिकार्ड ऑस्ट्रेलिया और स्वीजरलैंड के बीच (7-5) खेले गये मैच के दौरान हुआ।

## चोटिल जाकेर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश के दूसरे टेस्ट से बाहर



चटगांव, 28 अक्टूबर। विकेटकीपर बल्लेबाज जाकेर अली चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बंगलादेश के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पर महिदुल इस्लाम अंकोन को टीम में जगह दी गई है। जाकेर को रविवार को चटगाँव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में प्रशिक्षण के दौरान चोट लगी थी। बंगलादेश के फिजियो बैजदुल इस्लाम खान ने कहा, जाकेर अली को कल बल्लेबाजी अभ्यास के दौरान चोट लगी थी। उन्हें पहले भी चोट लग चुकी है उनके पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें ठीक होने में कुछ समय लग सकता है। उन्हें दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। जाकेर अली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में बंगलादेश की दूसरी पारी में टेस्ट पर्दापण करते हुए अर्धशतक बनाया था। जाकेर की जगह महिदुल इस्लाम को टीम में जगह दी गई है। महिदुल ने पिछले सप्ताह सिलहट डिवीजन के खिलाफ 118 रन बनाकर अच्छी फॉर्म में हैं।

## लक्ष्मण दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम के कोच

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया के कोच बनाए गए हैं। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को ऑस्ट्रेलिया दौर पर जाना है। ऐसे में लक्ष्मण को वाइट बॉल टीम का कोच बनाया गया है, भारतीय टीम को अगले महीने साउथ अफ्रीका दौरे पर जाना है। यह सीरीज 8 नवंबर से खेली जाएगी।

लक्ष्मण के साथ नेशनल क्रिकेट अकादमी से जुड़े साईराज बहुतुले, ऋषिकेश कानिटकर और सुभादीप घोष सपोर्टिंग स्टाफ के तौर पर जाएंगे। बहुतुले हाल ही में इमर्जिंग एशिया कप के लिए इंडिया-ए के मुख्य कोच थे। वहीं, कानिटकर बैटिंग कोच और सुभादीप घोष फील्डिंग कोच थे। साउथ अफ्रीका के लिए टीम 4 नवंबर के आसपास रवाना होगी। भारत 8, 10, 13 और 15 नवंबर को क्रमशः डरबन, गेबेरा, सेंचुरियन और



जोहान्सबर्ग में चारट टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। ने 25 अक्टूबर (शुक्रवार) को चार टी-20 मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

साउथ अफ्रीका दौरे के लिए चुनी गई भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैशाक, आवेश खान, यश दयाल।

## पुणे टेस्ट में हार के लिए बैटर दोषी : मांजरेकर

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने पुणे में दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड से मिली हार के लिए भारतीय बल्लेबाजों को जिम्मेदार माना है। साथ ही उन्होंने सरफराज खान से पहले वॉशिंगटन सुंदर को बैटिंग ऑर्डर में प्रमोट करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा की आलोचना की है। पुणे टेस्ट में भारत को हराने के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है और सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। भारत को 12 साल बाद घरेलू सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। संजय ने क्रिकेट की वेबसाइट क्रिकइंफो से पुणे टेस्ट में भारतीय हार के वजहों पर बातचीत की।

## पूरन, मयंक और विश्नोई को रिटेन कर सकती है

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स, कैरेबियन विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन, भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव और स्पिनर रवि बिश्नोई को रिटेन कर सकती है।

## सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से माफी : शमी

नई दिल्ली, 28 अक्टूबर। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है क्योंकि बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि वह अभी तक मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं। शमी ने सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना 'रिहैबिलिटेशन' पूरा किया। लेकिन उनके घुटनों में सूजन के कारण उनकी वापसी की योजना में रूकावट आई।

हालांकि शमी ने हाल में घोषणा की थी कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। शमी ने इंस्टाग्राम पर अपनी ट्रेनिंग का एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि वह जल्द ही वापसी करेंगे। इस 34 वर्षीय गेंदबाज ने कहा, ''मैं प्रयास कर रहा हूं और दिन-प्रतिदिन अपनी गेंदबाजी



फिटनेस में सुधार कर रहा हूं। मैच के लिए तैयार होने और घरेलू लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से भी माफी मांगता हूं। लेकिन बहुत जल्द मैं लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हूं, आप सभी को प्यार। शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है।

### राजस्थान-गुजरात रणजी मैच

## राजस्थान के तेज गेंदबाज अशोक शर्मा की घातक गेंदबाजी

जयपुर, 28 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के अनुसार बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024 -25 की राष्ट्रियक्रिकेट प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी के जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान - गुजरात रणजी मैच के तीसरे दिन मैच रोमांचक मोड़ पर।

**गुजरात दूसरी पारी 129/4**

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक गुजरात ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 129 रन बना लिए थे।राजस्थान के गेंदबाजअनिकेत चौधरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए गुजरात टीम के सलामी बल्लेबाजों को टीम के 15 रन के स्कोर परपेवेलियनलौटा दिया।

राजस्थान के गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी के सामने शुरूआतीझटकों के बाद गुजरात टीम ने अपनी दूसरी पारी में संभल कर खेलते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट के नुकसान पर 129 रन बना लिए थे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रन फोर यूनिटी को दिखाएंगे हरी झंडी



जयपुर, 28 अक्टूबर। लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में 29 अक्टूबर को रन फोर यूनिटी दौड का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में मंगलवार को गुलाबी नगरी में भी इसका आयोजन होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रातः 07:00 बजे अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर इस दौड को रवाना करेगें।

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव, राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि रन फोर यूनिटी दौड के



अवसर पर आम जनों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। इस दौड में अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों सहित प्रशिक्षकगण, विभिन्न रनर्स क्लब, सामाजिक संघटनों के प्रतिनिधि, स्कूल कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भाग लेगीं। उन्होने बताया कि रन फोर यूनिटी दौड सवाई मानसिंह स्टेडियम से प्रारम्भ होकर विधानसभा, नगर निगम, अर्जुन गेट, रामबाग सर्किल और अम्बेडकर सर्किल से होते हुए वापिस सवाई मानसिंह स्टेडियम के 5 नम्बर गेट पर सम्पन्न होगी।

युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव और राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने सोमवार की सायं को तैयारियों का जायजा लिया। डॉ. पवन ने इस कार्यक्रम से जुडें अधिकारियों और कर्मचारियों को तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद राजेन्द्र सिंह सिसोदिया, नगर निगम जयपुर ग्रेटर के डिप्टी कमिश्नर प्रियवरित सिंह चारण सहित खेल परिषद के अधिकारी उपस्थित थे।

### // राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ //

## राज्य हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी

### केवल रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे

जयपुर, 28 अक्टूबर। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ ने सोमवार को सत्र 2024-25 की सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर राज्य हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी कर दिया। इन प्रतियोगिताओं में केवल रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते है। जिनके पास आरएच-पिन नंबर होगा। जिन खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है वे खिलाड़ी राज्य हैंडबॉल संघ की वेबसाइट पर लॉगिन कर रजिस्टर्ड करे।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 29वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक व बालिका) का आयोजन जालोर में 14 से 17 नवंबर तक होगा। इसमें 01.01.2010 को या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते है। इसी प्रकार 41वी राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक व बालिका) का आयोजन चित्तौड़गढ़ में 29 नवंबर से 2 दिसंबर तक होगा। इसमें



01.01.2005 को या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते है।

उन्होंने बताया कि 47वी राजस्थान राज्य सीनियर महिला हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन जय भवानी हैंडबॉल अकादमी द्वारा श्रीगंगानगर में 6 से 9 दिसंबर तक किया जाएगा। जबकि राज्य सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बारां में 14 से 17 दिसंबर तक किया जायेगा। यश प्रताप सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के दौरान ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये राज्य के संभावितों का चयन भी किया जायेगा।

**राजधानी**

## 'राइजिंग राजस्थान' के ब्रांड एम्बेसडर हैं स्थानीय उद्यमी : भजनलाल शर्मा

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्थानीय उद्यमी एवं व्यापारी राइजिंग राजस्थान के ब्रांड एम्बेसडर हैं। वे देश के कई राज्यों में कार्यरत प्रवासी राजस्थानी उद्योगपतियों से संपर्क कर उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करें, ताकि वे अपना औद्योगिक कौशल अपनी मातृभूमि पर दिखा सके।

- **मुख्यमंत्री ने व्यापारियों व उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि, ''प्रवासी राजस्थानियों से संपर्क कर प्रदेश में निवेश लाएं'**
- **मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि उद्योगों को पर्याप्त बिजली और पानी की सुविधा मिलेगी**

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के संबंध में स्थानीय औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमी एवं उनके संगठनों का



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को अपने निवास पर 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के संबंध में स्थानीय औद्योगिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया।**

व्यापक नेटवर्क आगामी राइजिंग राजस्थान समिट की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस नेटवर्क का उपयोग करते हुए ये संगठन अपनी शाखाओं के माध्यम से आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, आसाम, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, झारखंड एवं बिहार में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन करें और उन्हें निवेश करने के लिए आकर्षित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वोकल फोर लोकल पर विशेष रूप से ध्यान देने के साथ ही 'एक जिला, एक उत्पाद नीति' भी लागू करने जा रही है। इससे स्थानीय उद्यिमयों की आर्थिक प्रगति होगी और रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम (रिप्स) 2024 के अंतर्गत स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इन्सेंटिव्स के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपये से घटाकर 25 करोड़ रुपये कर दी है। साथ ही, राज्य सरकार उद्योग नीति, स्टार्टअप नीति, ग्रीन हाइड्रोजन नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग नीति पर कार्य कर रही है, जिनमें निवेश को सुगम एवं सुलभ बनाने के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान समिट के क्रम में अब तक 18 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए हैं, जिन्हें राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारेगी। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत 10 महीने के कार्यकाल में एक रोडमैप के तहत बिजली एवं पानी के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया है। राज्य सरकार ने बिजली के क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं, जिससे हम प्रदेश को 2027 तक ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बना सकेंगे। राजस्थान बिजली खरीदेगा नहीं, बल्कि बेचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना एवं यमुना जल समझौता कर हमने प्रदेश में पानी की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। बिजली और पानी की उपलब्धता हमारी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं, इसी से प्रदेश औद्योगिक विकास के पथ पर निरंतर गतिमान होगा।

बैठक में उद्योगपतियों एवं व्यापारियों ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट को सफल बनाने के लिए स्थानीय व्यापारिक संगठन राज्य सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। प्रदेश में निवेश लाने के लिए व्यापारिक संगठनों की देशभर में फैली शाखाएं सक्रिय रूप से कार्य करेगी। उन्होंने पर्यटन, कृषि, शिक्षा, खनन, आवासन, हस्तशिल्प, मार्बल, अक्षय ऊर्जा, टैक्सटाइल्स, इलेक्ट्रोनिक, जेम्स एंड ज्वैलरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश से संबंधित पर अपने सुझाव भी मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किए। क्रेडाई के चेयरमैन गोपाल गुप्ता एवं संरक्षक अनुराग शर्मा, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष घनश्याम ओझा, फोर्टी के कार्यकारी निदेशक अरूण अग्रवाल, जीनस पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर के चेयरमैन आई सी अग्रवाल, प्रबंध निदेशक आरएमसी जेम्स निर्मल बरड़िया जयपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष श्याम अग्रवाल सहित प्रमुख उद्योगपति बैठक में उपस्थित थे।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य रोहित गुप्ता, रीको प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधानसभा के मार्शल संजय चौधरी और उप सचिव विजय बहादुर सेवानिवृत

**जयपुर** । राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि प्रत्येक कार्य महत्वपूर्ण होता है। जिस व्यक्ति को जो जिम्मेदारियां दी जाये, उसे उस दायिल्यों का निर्वहन निष्ठा से करना चाहिए। इसी से व्यक्ति और संस्था दोनों की छवि का प्रदर्शन होता है। देवनानी सोमवार को यहां विधानसभा के मार्शल संजय चौधरी और उप सचिव विजय बहादुर के सेवानिवृत्ति समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। देवनानी ने कहा कि विधान सभा सचिवालय जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय की गरीमा को बनाये रखने का दायित्व यहां कार्य करने वाले प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी का है। समारोह में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मार्शल का कार्य विशेष प्रकृति का होता है। मार्शल चौधरी ने 24 वर्ष तक इस पद पर रहकर विधान सभा के सुरक्षा दायित्यों का निष्ठा से निर्वहन किया है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि विधान सभा में कार्य करने वाला प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी भाग्यशाली है, जिन्हें ऐसे स्थल पर राजकीय सेवा करने का मौका मिला है। समारोह को 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने वाले विधान सभा सचिवालय के मार्शल संजय चौधरी और उप सचिव विजय बहादुर ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में विधान सभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा, विधान सभा सचिवालय के कर्मचारी बचत एवं साख सहकारी समिति के अध्यक्ष रवि जैन सहित विधान सभा के अधिकारीगण एवं कर्मचारी मौजूद थे।

- **जिम्मेदारियों का निष्ठा से दायित्य निर्वहन करें : वासुदेव देवनानी**
- **समारोह में नेता प्रतिपक्ष जूली व संसदीय कार्य मंत्री पटेल भी हुए शामिल**



**राजस्थान विधानसभा के मार्शल संजय चौधरी और उप सचिव विजय बहादुर की सेवानिवृत्ति पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया।**

## प्लेसमेंट एजेंसी से लगे संविदा कर्मियों को हटाने पर रोक

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग में प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए विभिन्न पदों पर लगे संविदा कर्मियों को हटाने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रमुख चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक, निदेशक जन स्वास्थ्य और एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस विनीत कुमार माथुर की एकलपीठ ने यह आदेश सौरभ शर्मा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

## उपचुनाव में 11 नामांकन पत्र रद्द

**जयपुर** । राजस्थान में उपचुनाव के लिए 7 विधानसभा क्षेत्रों में अभ्यर्थियों के नामांकन-पत्रों की सोमवार को संवीक्षा हुई। 25 अक्टूबर तक 94 अभ्यर्थियों ने कुल 118 नामांकन-पत्र प्रस्तुत किए थे। संवीक्षा में कुल 11 नामांकन-पत्र रद्द हुए हैं। नामांकन-पत्र वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि संवीक्षा के दौरान दौसा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 4 नामांकन-पत्र रद्द हुए हैं। खींवसर और देवली-उनियारा में 2-2 तथा झुंझुनू, चौरासी और सलूम्बर में 1-1 नामांकन रद्द हुए हैं। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कोई भी नामांकन-पत्र रद्द नहीं हुआ है। इस प्रकार, कुल 11 नामांकन-पत्र रद्द हुए हैं, जिससे 10 अभ्यर्थियों की अभ्यर्थना समाप्त हो गई है। महाजन के अनुसार, 7 विधानसभा क्षेत्रों में संवीक्षा के बाद अभ्यर्थियों की संख्या 84 रह गई है।

## आयुर्वेद निदेशक पेश होकर बताएं कि ''आदेश की पालना क्यों नहीं की?''

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने आयुर्वेद चिकित्सकों की रिटायरमेंट आयु 60 साल से बढ़ाकर 62 साल करने के मामले में दिए आदेश की पालना नहीं करने को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही अदालत ने आयुर्वेद निदेशक को हाजिर होकर बताने को कहा है कि आदेश की पालना क्यों नहीं की गई। हालांकि अदालत ने कहा है कि यदि दो सप्ताह में आदेश की पालना कर ली जाती है तो निदेशक को अदालत में पेश होने की जरुरत नहीं है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ. महेन्द्र गुप्ता व अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता एनके गर्ग ने बताया हाईकोर्ट ने 13 जुलाई 2022 को आदेश जारी कर आयुर्वेद चिकित्सकों की रिटायरमेंट आयु 60 से बढ़ाकर 62 साल कर दी थी। इस पर राज्य सरकार की ओर से इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर कर चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने गत 30 जनवरी को हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की एसएलपी खारिज कर दी।

# 'कांग्रेस विधायक को देखकर बजट देती थी, भाजपा ने सब जगह विकास कार्य कराये'

## भाजपा की कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा, भाजपा में ''राष्ट्र प्रथम'' नीति पर कार्य होता है



भाजपा प्रदेश कार्यालय पर संगठन पर्व सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव प्रदेश कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित किया।

- **सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि देश भर में भाजपा के 10 करोड़ सदस्यों में से 61 फीसदी 35 साल से कम उम्र के हैं। जो दर्शाता है कि प्रधानमंत्री की रीति और नीति में युवा विश्वास जता रहा है।**
- **कार्यशाला में सांगोद, सांगानेर, विद्याधर नगर, आदर्श नगर और उदयपुर शहर के संयोजक को सम्मानित किया गया।**

जयपुर, 28 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति तथा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व, सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव प्रदेश कार्यशाला आयोजित की गई। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश चुनाव प्रभारी नारायण पंचारिया, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी और सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक ओंकार सिंह लखावत के मुख्य अतिथ्य में 2 सत्रों में कार्यशाला का आयोजन हुआ।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए, संगठन के कार्यों को गति देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का आ ान किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि भाजपा ही ''राष्ट्र प्रथम'' की नीति पर कार्य करने वाली राजनीतिक पार्टी है। भाजपा में जहां देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए कार्य किया जाता है, वहीं आतंरिक लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए संगठन के कार्यों को भी लोकतांत्रिक रूप से पूरा किया जाता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेसियों की दोगली नीति का उदाहरण देते हुए कहा कि एक ओर भाजपा सरकार है, जिसने बजट में सभी 200 विधानसभाओं के लिए काम किया, वहीं दूसरी ओर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार थी, जो क्षेत्र और विधायक को देखकर विकास कार्य करवाती थी। भाजपा ने जो बजट पेश किया, उसकी क्रियान्विति के लिए कार्य भी किए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पंच निष्ठाओं को मानते हुए कार्यकर्ता पार्टी की रीति और नीति पर विश्वास करता है। इन्हीं कार्यकर्ताओं की बदौलत आज भाजपा सुदृढ़ संगठन बन पाया है। भाजपा के जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को उपचुनावों के साथ संगठन चुनावों की भी जिम्मेदारी निभानी होगी।

मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यशाला के माध्यम से 29 अक्टूबर को प्रदेशभर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन करने का आ ान किया। राठौड़ ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अक्टूबर देश की एकता के लिए रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन करने का आ ान किया है।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के सदस्यता अभियान ने तेजी से लक्ष्य को पूरा किया है।

कार्यशाला में प्राथमिक सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि देशभर में 10 करोड़ सदस्यों में से 61 फीसदी सदस्य 35 साल से कम उम्र के है। ऐसे में यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रीति और नीति में देश का युवा विश्वास जता रहा है।

भाजपा उपाध्यक्ष एवं प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण पंचारिया ने संगठन पर्व की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के बाद प्रदेश चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की गई। अब जिला चुनाव अधिकारी और दो सह चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

कार्यशाला में सदस्यता अभियान में प्रदेश के टॉप 5 विधानसभा क्षेत्रों के संयोजक एवं सह संयोजकों को सम्मानित किया गया। इसमें कोटा की सांगोद, जयपुर की सांगानेर, विद्याधर नगर, आदर्श नगर, और उदयपुर शहर के संयोजकों को प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड एवं पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सह चुनाव अधिकारी दामोदर अग्रवाल ने किया और सहचुनाव अधिकारी हरिराम रणवां ने धन्यवाद दिया।

## रोहतक-दिल्ली ट्रेन में विस्फोट

रोहतक, 28 अक्टूबर। रोहतक से दिल्ली जा रही सवारी रेल गाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में विस्फोट हो गया। विस्फोट की वजह से एक बोगी में आग लग गई, जिससे चार यात्री गंभीर रुप से झुलस गए हैं।

हादसे के बाद घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर रेलवे पुलिस व स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। रेलवे और पुलिस की टीम ने

- **एक बोगी में आग लगी, 4 यात्री गम्भीर रूप से झुलसे।**

घटनास्थल का निरीक्षण किया। शुरुआती जांच में पता चला है कि कोई व्यक्ति गंधक-पोटाश लेकर जा रहा था और उससे ही विस्फोट हुआ है।

बताया जा रहा है कि दिल्ली से भी एक टीम मौके पर पहुंची और इस बारे में पूछताछ की। इसके अलावा एफ.एस.एल. की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और मौके से जरुरी तथ्य जुटाए।

## महाराष्ट्र एवं झारखंड के चुनावों...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी, भाई, उपमुख्यमंत्री सुधीर महतो की पत्नी मैदान में है। पार्टी ने कई नेताओं के करीबी रिश्तेदारों को टिकट दिया है।**
- **महाराष्ट्र में तो परिवारवाद और भी बड़े स्तर पर है। भाजपा ने अशोक चव्हाण की बहु, मुम्बई भाजपा अध्यक्ष के भाई को टिकट दिया। भाजपा, कांग्रेस, शिव सेना व एन.सी.पी. सहित सभी दलों ने अपने बड़े नेताओं के रिश्तेदारों को पर भरोसा जताया है कि आम कार्यकर्ता पर।**

इस मामले में उच्च नैतिक मूल्यों का दावा नहीं कर सकती। भाजपा का टिकट पाने वाले इन नाते-रिश्तेदारों में अग्रलिखित लोग शामिल हैं- मीरा मुण्डा, जो पूर्व भाजपा मुख्यमन्त्री अर्जुन मुण्डा की पत्नी है, बाबूलाल सोरेन, जो जे.एम.एम. के पूर्व मुख्यमन्त्री चम्पई सोरेन के पुत्र हैं, पूर्णिमा दास, जो पूर्व मुख्यमन्त्री रघुवर दास की पुत्रवधू हैं, शत्रुध्न महतो, जो भाजपा सांसद दुल्लू महतो के भाई हैं, तथा रागिनी सिंह, जो पूर्व विधायक संजीव सिंह की धर्मपत्नी हैं। सीता सोरेन, जो जे.एम.एम. के जाने-माने नेता शिबु सोरेन की पुत्र-वधू है, भी जामताड़ा सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ेंगी, जबकि एक अन्य पूर्व मुख्यमन्त्री मधु कोडा की धर्मपत्नी गीता कोड़ा जगन्नाथपुर सीट से चुनाव लड़ेंगी।

परिवारवाद का टैग जे.एम.एम. पर भी पूरी मजबूती के साथ लगा हुआ है। मुख्यमन्त्री हेमन्त सोरेन तो बरहेट से चुनाव लड़ ही रहे हैं, वहीं उनकी धर्मपत्नी कल्पना भी शान्डी सीट से दोबारा चुनाव लड़ रही हैं, तथा हेमन्त के भाई बसन्त भी दुमका सीट से पार्टी के उम्मीदवार हैं। इसी बीच, पूर्व उपमुख्यमन्त्री सुधीर महतो की धर्मपत्नी सविता ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं, तथा पूर्व मन्त्री जगनाथ महतो की धर्मपत्नी बेबी देवी डुमरी सीट से पार्टी प्रत्याशी हैं। पूर्व मन्त्री हाजी हुसैन अंसारी के पुत्र हाफिजुल हसन मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस में, पूर्व मन्त्री अवध बिहारी सिंह की पुत्रवधू दीपिका पाण्डे सिंह महागमा सीट से तथा पूर्वमन्त्री योगेन्द्र साहू की पुत्री अम्बा प्रसाद बड़कागाँव सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

लेकिन परिवारवाद की यह प्रवृत्ति महाराष्ट्र में और भी ज्यादा दिखाई दे रही है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गये अशोक चव्हाण की पुत्री श्रीजया भाजपा टिकट पर भोकर सीट से चुनाव लड़ रही हैं, वहीं मुम्बई भाजपा प्रमुख आशीष शेलर के भाई, विनोद शेलर मलाड पश्चिम से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि आशीष स्वयं बान्द्रा पश्चिम सीट से पुनः चुनाव मैदान में हैं। श्रीगोंडा में, मौजूदा विधायक बाबनराव पचौटे की पत्नी प्रतिभा चुनाव लड़ रही हैं। कल्याण पूर्व सीट से भाजपा मौजूदा विधायक गणपत गायलवाड़ की पत्नी सुलभा को टिकट दिया है। पूर्व केन्द्रीय मन्त्री नारायण राणे के दूसरे नम्बर के बेटे नीलेश शिवसेना (शिन्दे) प्रत्याशी के रूप में कान्दीवली सीट से चुनाव लड़ेंगे। चिंचवाड़ जिले में, वर्तमान विधायक अश्वनी जगताप के भाई शंकर भाजपा प्रत्याशी के रूप में खड़े किए गए हैं। शिन्दे के नेतृत्व वाली सेना ने राज्य के मन्त्री उदय सामन्त के भाई किरण को राजापुर से पुनः प्रत्याशी बनाया है। शिव सेना (शिन्दे) के सांसदों सन्दीपन मुमारे तथा रवीन्द्र वाड्कर के परिजनों को भी प्रत्याशी बनाया गया है। सेना के उद्धव ठाकरे गुट ने आदित्य ठाकरे को वर्ली सीट से तथा चचेरे भाई वरुण सरदे साई को बान्द्रा पूर्व से खड़ा किया है। राज्यसभा सांसद संजय राउत के भाई सुनील विखरोली सीट से खड़े किए गए हैं। एम.एन.एस. नेता राज ठाकरे के पुत्र अमित मुम्बई की महिम सीट से खड़े किए गए हैं। सच तो यह है कि यह सूची अनन्त है।

## 'नड्डा और मैं ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से बताये थे। उन्होंने जोर देते हुए कहा था कि एकता किसी भी राष्ट्र के लिये बहुत महत्वपूर्ण होती है।

होसबाले ने कहा, ''इस नारे के पीछे भावना क्या है? भावना यह है कि हिन्दू समाज को संगठित रहना चाहिये। अगर हम जाति, रंग, पंथ के आधार पर बँट जायेंगे, तो हम मार दिये जायेंगे। एकता हर राष्ट्र के लिये महत्वपूर्ण होती है। यह (कटेंगे-बँटेंगे) इन्हीं भावनाओं के सम्प्रेषण एक दूसरा तरीका मात्र है।''

## प्रियंका ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर रखा। फिर उन्होंने मेरा हाथ अपने हाथ में लिया, मुझे एक जप माला दी। उन्होंने मुझसे अपने साथ काम करने को कहा, इसके 5-6 साल बाद में वहाँ गई। मैं बच्चों को पढ़ाती थी। हम बाथरुम साफ करते थे, खाना बनाने थे। तब मुझे उनका दर्द समझ में आने लगा। मैंने जाना सेवा क्या होती है। कैसे समुदाय एक दूसरे की मदद करता है। यही सब मैंने भू-स्खलन के समय वायनाड में देखा कि कैसे आप सब एक दूसरे की मदद कर रहे थे। मुझे आप पर गर्व है। आप साहसी लोग हैं।

## भतीजे के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हित सरकार बनायेगा। उन्होंने कहा, ''हमारा गठबंधन महँगाई, बेरोज़गारी, कृषकों, महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों से जुड़े सवालों के समाधान के लिये काम करेगा।''






## महाराष्ट्र चुनाव की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कटिंग व पॉलिशिंग होती है। मुम्बई में ट्रेडिंग व एक्सपोर्ट होता है। डायमंड ट्रेड पार्क सूरत में बनाया गया। सरकार का कदम फेल हो गया क्योंकि अधिकांश हीरा व्यापारियों ने वापस अपना काम मुम्बई में सैट कर लिया।''

रमेश ने कहा, टाटा एयरबस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के अलावा वेदांता-फॉक्सकॉन चिप फैक्ट्री भी महाराष्ट्र से गुजरात ले जाई गई थी पर यह कदम भी सफल नहीं हुआ। ड्रग पार्क भी गुजरात शिफ्ट किया गया। टैक्सटाइल कमिश्नरेट ऑफिस जो 86 साल से मुम्बई में था को गत वर्ष बिना किसी कारण दिल्ली शिफ्ट कर दिया गया, जबकि यह जाना माना तथ्य है कि मुम्बई मैट्रोपॉलिटन रीजन टैक्सटाइल का बड़ा केन्द्र है। दत्तोपंत ठेंगडी नैशनल बोर्ड फॉर वर्कर्स एजुकेशन एण्ड डवलपमैंट को भी वर्ष 2021 में नागपुर से हटा कर दिल्ली शिफ्ट कर दिया गया।

रमेश ने कहा कि कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी ऐसे पक्षपात में भरोसा नहीं करता है। हम पूरे प्रदेश के समुचित विकास में यकीन करते हैं। नए इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट्स, स्पेशल इन्वैस्टमैंट ज़ोन्स और मॉडर्न उद्योगों से सभी भारतीयों को लाभ होना चाहिए, सिर्फ एक राज्य को नहीं।

## क्या आर.बी.आई. के गवर्नर शक्तिकांत दास को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिनका, कन्ट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल (सी.ए.जी.) के रुप में कार्यकाल नवम्बर में समाप्त हो रहा है। माना जा रहा है कि मोदी प्रशासन के एक विश्वासपात्र ब्यूरोक्रैट का केन्द्र के वित्तीय मामलों के निरीक्षण के लिये चयन किया जाएगा। मुर्मू को एक्स्टैंशन नहीं मिल सकता, क्योंकि उनकी नियुक्ति की शर्तों में साफ लिखा है कि रिटायर होने के बाद वे न एक्स्टैंशन ले सकते हैं न कोई नया पद। वहीं, चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र (सी.ई.ए.) एवं सेबी चेयरपर्सन को संभवतः पुनः नियुक्त किया जा सकता है। आर.बी.आई. के बारे में निर्णय के एक महीने के बाद, सरकार को चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र (सी.ई.ए.), वी. अनंत नागेस्वरन के बारे में निर्णय लेना होगा। शीघ्र ही बजट की तैयारियाँ शुरु होने के कारण सी.ई.ए. के बारे में जल्दी निर्णय लिए जाने की संभावना है, क्योंकि सी.ई.ए. को ही बजट तथा इकोनॉमिक सर्वे के लिए आवश्यक तकनीकी सलाह देनी होती है।

माधवी पुरी बुच को लेकर उठे विवादों के कारण सेबी चीफ की नियुक्ति सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती हो सकती है। माधवी बुच इस रैगुलेटरी बॉडी के शीर्ष पद की अध्यक्षता करने वाली पहली महिला तथा पहली निजी क्षेत्र की नेता हैं। माधवी पुरी बुच पर अनियमितता तथा हितों के टकराव के आरोप लगे हैं, जिनका उन्होंने खण्डन किया है। इस बीच यह आंतरिक बहस चल रही है कि क्या सिविल सेवक ऐसी भूमिकाओं के लिए बेहतर हैं। मार्च 2022 में तीन साल के कार्यकाल के लिए सेबी चीफ बनी, माधवी बुच पुनर्नियुक्ति के लिए योग्य हैं, क्योंकि उनके कई पूर्ववर्तियों के ऐसे कार्यकाल रह चुके हैं। ए ग्रेड मिलने के बाद शक्तिकांत दास, डैनमार्क के क्रिश्चियन कैटल थॉमसन, एवं स्विट्ज़रलैंड के सैंट्रल बैंक के प्रमुख थॉमस जॉर्डन की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। ए ग्रेड प्राप्त करने वाले केन्द्रीय बैंकर्स हैं, ब्राज़ील के रॉबर्टो कैम्पोस नेटो, चिली के टोसन्ना कोस्टा, मॉरीशस के हरवेश कुमार सीगोलाम, मोरॉक्को के अब्देललतीफ जोआहरी, दक्षिण अफ्रीका के लेसेटजा कग्न्यागो, श्रीलंका के नंदलाल वीरसिंघे एवं वियतनाम के गुएन थी होंग। ग्लोबल फाइनैंस के अनुसार, विश्वभर के केन्द्रीय बैंकों के लिए, गत बारह महीने बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं। ये लोग न केवल महंगाई से लड़ रहे हैं तथा मंदी से बचने की कोशिश कर रहे है, और अक्सर अपने जॉब मार्केट को सपोर्ट कर रहे हैं, बल्कि ये दुनियाभर के अन्य तब बड़े केन्द्रीय बैंकों द्वारा उठाए जाने वाले कदमों का पूर्वानुमान लगाने तथा उनसे डील करने का प्रयास भी कर रहे हैं और साथ ही साथ अपनी करैंसी की रक्षा करने में भी जुटे हुए है।

अक्सर कम विकास और कम इन्फ्लेशन की अपेक्षाओं के आधार पर एक नई मौद्रिक नीति की तैयारी करने के लिए भी काम कर रहे हैं। ये लोग आमतौर पर अन्य केन्द्रीय बैंकों के एक्शन पर हाथ की हाथ प्रतिक्रिया देते हैं, जिसमें आर्थिक स्थितियों के अलग अनुमान के आधार अपनी ब्याज दरों के साथ स्वतंत्र रुख अपनाने के खतरे व संभावनाएं भी शामिल हैं। इस प्रकार अधिकांश गवर्नर्स के लिए ग्रोथ व इन्फ्लेशन के बीच संतुलन बिठाने की कड़ी चुनौती तो रही ही है, साथ ही हर स्थिति पर बारीक नज़र भी रखनी पड़ती है।

## भाजपा ने महाराष्ट्र की तीसरी सूची जारी की

- **इस सूची में 25 प्रत्याशियों के नाम हैं। भाजपा अब तक 146 नाम घोषित कर चुकी है।**

नयी दिल्ली, 28 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। वहीं दूसरी सूची में 22 प्रत्याशियों के नाम घोषित किये थे। इस तरह से पार्टी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 146 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिये हैं। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

## सुरक्षा बलों ने अखनूर में 3 आतंकी मारे

श्रीनगर, 28 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। अफसरों ने बताया कि एक आतंकवादी की बॉडी मिल गई है। सुबह 7:26 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल (एल.ओ.सी.) के पास भट्टल इलाके में इन आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी, हालांकि इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

आतंकी फायरिंग के बाद जंगल की ओर भाग गए थे। सेना ने इलाके को घेर कर सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया। इससे पहले 24 अक्टूबर को बारामूला में सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें 3 जवान और 2 पोर्टर की जान गई थी।

मुठभेड़ में सेना के डॉग फैंटम की भी मौत हो गई। जम्मू के डिफेंस पी.आर.ओ. ने कहा कि हम अपने डॉग फैंटम के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। हमारे सैनिक जब फंसे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंच रहे थे, तब फैंटम ने दुश्मन की गोलीबारी को झेला, जिससे वह घायल हो गया।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908